# एक संगठन के लोगों ने होटल में प्रेमी युगल पकड़ा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में नौवीं कक्षा की छात्रा ने मंगलवार रात अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। छात्रा ने यह कदम होटल में प्रेमी संग पकड़े जाने और उसके फोटो-वीडियो वायरल होने से आहत होकर उठाया। एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने छात्रा और उसके प्रेमी के फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाले थे। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार को छात्रा अपने दूसरे समुदाय के प्रेमी और उसके दोस्त के साथ एक होटल में गई थी। प्रेमी का दोस्त कमरे के बाहर निगरानी कर रहा था। सूचना मिलने पर एक संगठन के कार्यकर्ता होटल पहुंचे और हंगामा किया। प्रेमी जोड़े के भागने के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके फोटो और वीडियो बना लिए। इन फोटो और वीडियो को बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। संगठन कार्यकर्ताओं ने प्रेमी के दोस्त को पकड़कर इज्जतनगर थाना पुलिस को सौंप दिया। वीडियो वायरल होने से छात्रा बहुत आहत थी, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

छात्रा की आत्महत्या की सूचना पर बिथरी थाना प्रभारी राजेश बाबू और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर छात्रा का शव बरामद किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में प्रेमी और उसके दोस्त के खिलाफकार्रवाई कर सकती है। साथ ही, छात्रा का वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना है।

# गड्ढा मुक्त मार्ग करवाने के संबंध में नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** 30जुलाई से पवित्र और फलदाई श्रावण मास प्रारंभ होने जा रहा है। आगरा की धार्मिक परंपरा के अनुसार सावन में शहर के चारों कोनों पर स्थित प्राचीन शिव मंदिरों बल्केश्वर महादेव मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर,श्री राजेश्वर मंदिर,श्री पृथ्वीनाथ मंदिर एवं श्री रावली मंदिर की परिक्रमा करने के लिए लाखों शिवभक्त जलाभिषेक हेतु आएंगे। हजारों की संख्या में काँवड़ यात्री जल लेकर पैदल यात्रा करेंगे और रात्रि में भी परिक्रमा जारी रहेगी। ऐसे में कोई शिव भक्त चोटिल न हो और आस्था की यह यात्रा बोझिल न हो,इसको दृष्टिगत



रखते हुए शिव भक्तों के परिक्रमा मार्ग को गड्ढा मुक्त, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने नगरायुक्त संतोष कुमार वैश्य को नगर निगम में प्रार्थना पत्र दिया।प्रार्थना पत्र देते हुए मुरारी लाल गोयल ने अनुरोध किया कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सावन प्रारंभ होने से पूर्व उपरोक्त कार्यों को युद्ध स्तर पर करवाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए जाएँ,जिससे लाखों शिवभक्त बिना किसी अवरोध के अपनी आस्था व्यक्त कर सकें।नगर आयुक्त ने उनको आश्वस्त किया कि शीघ्र ही शिव मंदिरों और परिक्रमा मार्गो का मौका मुआयना कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाएगा।

गड्ढा मुक्त सड़कें,सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था,मार्ग में पड़ी निर्माण सामग्री, मलबे एवं अन्य अवरोधकों को हटवाया जाए,क्षतिग्रस्त सड़कों पर तत्काल पैच वर्क कराया जाए। परिक्रमा मार्ग पर पुलिस एवं होमगार्ड की तैनाती के साथ-साथ जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था कराई जाए।, परिक्रमा मार्गों पर बायो टॉयलेट भी जगह-जगह लगाए जाएँ।

# पर्दे के पीछे छिपा चोर, मकान मालिक ने पुलिस बुलाकर पकड़वाया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली के इज्जत नगर इलाके में एक चोर घर में घुसकर माल समेट रहा था। इसी दौरान गृहस्वामी पहुंच गए। चोर उनको देखकर पर्दे के पीछे छिप गया। इसकी भनक लगने पर गृहस्वामी ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। इज्जतनगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सनसिटी विस्तार कॉलोनी निवासी सोमेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 जुलाई को वह घर से दफ्तर गए थे। शाम को



वापस आकर देखा तो रसोईघर की जाली निकली हुई थी। घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी और बक्से खुले हुए थे। चोर घर के अंदर था जो सोमेश को देखकर पर्दे के पीछे छिप गया। सोमेश ने तत्काल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

पीआरवी पहुंच गई तो पुलिस ने सोमेश के साथ मिलकर चोर को पर्दे के पीछे से पकड़ लिया। पूछताछ में चोर ने अपना नाम अनस और खुद को कर्मचारी नगर का निवासी बताया। तलाशी में अनस के पास एक हजार रुपये और सोमेश का आईफोन बरामद हुआ।अनस ने बताया कि उसने कॉलोनी निवासी सुरेश कटारिया के मकान में घुसकर गुल्लक से तीन हजार रुपये चुराए हैं। एएसपी शिवम आशुतोष सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से मामला दर्ज कर आरोपी का चालान किया गया है।

# ताज पर श्रावण के हर सोमवार फ्री एंट्री और जलाभिषेक की मांग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने बुधवार को ताजमहल में श्रावण मास के हर सोमवार को आम श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क प्रवेश और जलाभिषेक-दुग्धाभिषेक की अनुमति देने की मांग की है। इस संबंध में संगठन ने पुरातत्व अधीक्षक, आगरा के माध्यम से महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई ), नई दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में महासभा ने कहा कि



जब ताजमहल में उर्स के अवसर पर चादरपोशी, कव्वाली सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और तीन दिन तक आम लोगों के लिए प्रवेश निशुल्क रखा जाता है, तो उसी तर्ज पर श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भी निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की जानी चाहिए।

महासभा ने मांग की कि श्रावण मास में गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ यात्रियों को ताजमहल में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक करने की अनुमति दी जाए। संगठन का कहना है कि यह मांग समान व्यवस्था और धार्मिक आस्था के सम्मान की भावना से की गई है। महासभा ने प्रशासन से इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया।

## सार-संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने आगरा- जलेसर रोड निर्माण के लिए दी अनुमति




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा से जलेसर रोड पर सफर करने वाले लोगों का रास्ता अब जल्दी ही आसान होने वाला है। बीते एक दशक से आगरा-जलेसर रोड के निर्माण और चौड़ीकरण का रास्ता अब साफहो चुका है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए पेड़ों को काटने और उन्हें ट्रांसलोकेट करने की अनुमति प्रदान कर दी है। 390 करोड़ रुपये की लागत से 51 किमी लंबे आगरा-जलेसर रोड़ का निर्माण होगा। जिसके लिए 31 जुलाई को निविदा टेंडर प्रक्रिया आमंत्रित की जाएगी। आगरा के हाथरस मार्ग टेढ़ी बगिया से शुरू होने वाली आगरा-जलेसर रोड की कुल लंबाई 51 किलोमीटर है। इसका 36 किमी का हिस्सा आगरा में आता है,जबकि 15 किमी का हिस्सा एटा जिले में है। विदित है कि उक्त मार्ग को वर्ष 2016 में राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्राप्त हुआ था। 51 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों के चलते वाहनो के चलने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था। व गहरे गड्ढों की वजह से यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं । जिसके कारण मुख्य मार्ग के चलते ग्रामीणों द्वारा बीते लंबे समय से सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही थी। व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रयास किए जा रहे थे। इस बीच सड़क के निर्माण में करीब तीन हजार पेड़ आ रहे थे। इसके लिए पेड़ों को काटने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर सेंट्रल इम्वावर्ड कमेटी ने अपनी सिफारिशों सहित रिपोर्ट दे दी थी।एत्मादपुर से विधायक डॉ.धर्मपाल सिंह चौहान ने इस मंजूरी के लिए सुप्रीम कोर्ट और राज्य सरकार के स्तर पर लगातार पैरवी के चलते आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने अपनी मंजूरी दे दी।जिससे क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर है। क्षेत्रीय जनता ने डा धर्मपाल सिंह विधायक का आभार व्यक्त किया है।

डॉ. धर्मपाल सिंह, विधायक एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र 51 किमी लंबी सड़क के निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी। जलेसर रोड के लिए पेड़ काटने की अनुमति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट से आदेश जारी हो गया है। सड़क बनने से लोगों का रास्ता आसान होगा।

### लेबर अड्डे के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर, इस एप पर पंजीकरण कराएं श्रमिक

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में निर्माण श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मुहैया कराने के लिए बुधवार को राजेंद्र नगर स्थित लेबर अड्डे पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना समेत अन्य की जानकारी दी गई। उप श्रमायुक्त अनुराग मिश्रा ने बताया कि डिजिटल लेबर एप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और सेवायोजकों का ऑनलाइन पंजीकरण होगा। इससे सेवायोजकों को निर्माण श्रमिकों की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेगी। श्रमिकों को लेबर अड्डे के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

पात्र श्रमिकों से एप पर पंजीकरण कराने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। डिजिटल व्यवस्था ज्यादा आसान, पारदर्शी, समयबद्ध होगी।

# भाजपा सेनापति बन चुनाव जिताने में सहयोगी होते है पार्टी के समर्पित बूथ अध्यक्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** आज आगरा महानगर की छावनी विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एस एन जे गोल्ड, फतेहाबाद रोड पर आयोजित हुआ।सम्मेलन का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि रवि कांत गर्ग,विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे,रोहित कत्याल, प्रवीन जैन आदि ने किया। वंदे मातरम के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि रवि कांत गर्ग ने बड़ी संख्या में उपस्थित बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव में ही नहीं पार्टी के पूरे




साल चल रहे अभियानों में प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को जोड़कर सेवा लेती है और चलायमान रखती है। हर बूथ पर पार्टी के लाभार्थी,सामाजिक संस्थाओं के मुखिया,पार्टी के जनप्रतिनिधि,वरिष्ठ वर्तमान एवं पूर्व कार्यकर्ताओं का सामंजस्य बनाने में बूथ अध्यक्ष का विशेष योगदान है। 2027 के रण में बूथ अध्यक्षों का योगदान फिर से अहम होने वाला है।

मंच को विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश,एवं भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं में जोश भर के 2027 की विजय को विराट करने का लक्ष्य दिया।

आज के सम्मेलन में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि रविकांत गर्ग( पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ),विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे,राहुल सागर,रोहित कत्याल, नेहा गुप्ता, अंजू गर्ग, डॉक्टर निधि शर्मा,माधुरी माहोर,विकास भारद्वाज, प्रवीन जैन,हेमा चौहान,शोभाराम राठौर,मोहन सिंह लोधी,सुधीर राठौर,गया प्रसाद लोधी,विवेक लोधी,मनीष अग्रवाल,विजय बंटी,जय सिंह सरदारा,सिंधु गुप्ता,हेमा चौहान, रमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ताज सुरक्षा पुलिस की फ्रेंडली पुलिसिंग से खुश हुए पर्यटक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताजमहल पर पर्यटकों की सुरक्षा में तैनात ताज सुरक्षा पुलिस अपनी फ्रेंडली पुलिसिंग और संवेदनशील कार्यशैली से देश-विदेश के पर्यटकों का दिल जीत रही है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त ताज सुरक्षा यतेन्द्र सिंह नागर के नेतृत्व में ताज सुरक्षा पुलिस न केवल सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है, बल्कि जागरूकता का संदेश भी दे रही है।

प्रभारी निरीक्षक 'तिलक राम भाटी' के मार्गदर्शन में ताजमहल के पश्चिमी गेट पर तैनात क्विक रिस्पांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक 'शिवराज सिंह' और उनकी टीम पर्यटकों को सुरक्षा, मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध करा रही है। उनकी कार्यशैली को देखकर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक आगरा पुलिस की सराहना कर रहे हैं। ताज सुरक्षा पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह के साथ आरक्षी दुर्गेश कुमार और महिला आरक्षी गुड्डी देवी' भी शामिल हैं।

मिशन शक्ति से महिलाओं को किया जा रहा जागरूआ ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा महिला पर्यटकों और स्कूली छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस की यह पहल महिलाओं को जागरूक और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

महिला पर्यटकों ने विशेष रूप से ताज सुरक्षा पुलिस के सहयोग और संवेदनशीलता की सराहना की है। विदेशी और भारतीय पर्यटकों ने आगरा पुलिस की अनुशासित, प्रभावी और भरोसेमंद सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस का सहयोगात्मक व्यवहार उनके पर्यटन अनुभव को और बेहतर बनाता है। ताज सुरक्षा पुलिस की इस पहल ने न केवल आगरा पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है, बल्कि सेवा सुरक्षा और संवेदनाश' के संदेश को देश-विदेश तक पहुंचाने का भी काम किया है।

# इंटर कॉलेजों को छात्रों ने क्विज में किया प्रतिभाग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** उस्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यूथ फेस्ट क्विज (यूपीसेक) कार्यक्रम का आयोजन हरीपर्वत स्थित एमडी जैन इंटर कॉलेज में किया गया।

जिला क्षय रोग एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्विज प्रतियोगिता में 12 इंटर कॉलेजों (1. एम०डी० जैन इण्टर कॉलेज, 2. मिल्टन पब्लिक स्कूल, 3. सगीर फातिमा एमजीआई कॉलेज, 4. मुरारीलाल खत्री गर्ल्स इण्टर कॉलेज, 5. श्रीमती विद्यारानी इण्टर कॉलेज, 6. इन्द्रा मैमोरियल



जूनियर हाई स्कूल, 7. हेरिटेज पब्लिक स्कूल, 8. आर्मी पब्लिक स्कूल, 9. श्री जगदम्बा इण्टर कॉलेज, 10. रामस्वरूप सिंघल गर्ल्स कॉलेज, 11. राजकीय हाईस्कूल जयनगर, 12. बी०डी० जैन गर्ल्स इण्टर कॉलेज) के कक्षा 8, 9 व 11 के कुल 72 प्रतिभागियों (छात्र छात्राओं) ने प्रतिभाग किया।

जिला क्षय रोग एड्स अधिकारी, आगरा द्वारा क्विज प्रतियोगिता में आये समस्त प्रतिभागियों को टीबी एवं एचआईवी एवं एड्स के बारे में बताते हुये, लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। यूथ फेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिल्टन पब्लिक स्कूल से दीया सिंह एवं शुभी कुलश्रेष्ठ, द्वितीय पुरस्कार एम०डी० जैन इण्टर कॉलेज से दिव्यांश अग्रवाल एवं वैभव वर्मा, तृतीय पुरस्कार श्री जगदम्बा इण्टर कॉलेज से चरन आधार एवं सतेन्द्र सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार राजकीय हाई स्कूल शमसाबाद से कौशल कुमार एवं प्रांशी को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में आये समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं गिफ्ट वितरित किये गये।

विजयी प्रतियोगियों को जिला क्षय रोग एड्स अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉ. संजय गर्ग द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में एम०डी० जैन इण्टर कॉलेज के अध्यापक डॉ. अमित कुमार सिंह, महेश कुमार, चेतन कुमार द्वारा सहयोग किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला क्षय रोग केन्द्र की समस्त टीम, एवं दिशा क्लस्टर यूनिट, आगरा का सराहनीय सहयोग रहा।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आएंगे मुख्यमंत्री

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जुलाई को डॉ.भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम, स्वामी विवेकानंद परिसर में आयोजित कैशलेस योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं तथा कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.आशु रानी के निर्देशन में आयोजित बैठक में सभी समिति अध्यक्षों एवं सदस्यों को उनके दायित्वों का विस्तार से आवंटन किया गया। कुलपति ने कार्यक्रम को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए सभी समितियों के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय मिश्रा (पीसीएस) कार्यक्रम की समस्त प्रशासनिक एवं व्यवस्थागत तैयारियों की सतत निगरानी करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का समन्वय करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों,सामाजिक सरोकारों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास, शताब्दी यात्रा समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तीकरण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित एक संक्षिप्त प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत करेगा,जिससे मुख्यमंत्री सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को विश्वविद्यालय की विकास यात्रा और सामाजिक योगदान की झलक प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा,प्रोटोकॉल,अतिथि सत्कार,मंच,प्रदर्शनी, सभागार,भोजन, आवागमन,सौंदर्यीकरण तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह आयोजन विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाने वाला ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा।

# वीडियो बनाकर फांसी लगाकर जान दी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना रकाबगंज क्षेत्र के ईदगाह कुतुलपुर में मंगलवार को एक 21 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक ने आत्महत्या से पहले मोबाइल पर एक वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर जारी किया, जिसमें उसने भावुक होकर परिवार से माफी मांगी और अपनी पत्नी व उसके परिजनों को परेशान न करने की अपील की। मृतक की पहचान 'सोनू कुमार पुत्र धर्म सिंह' निवासी ईदगाह कुतुलपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोनू ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले बनाए गए वीडियो में सोनू ने कहा कि उसने शराब पी रखी है। उसने अपनी पत्नी से कहा कि वह अपने घर चली जाए और अपनी



जिंदगी अच्छे से जिए। वीडियो में उसने स्पष्ट किया कि उसे अपनी पत्नी से कोई शिकायत नहीं है और वह खुद को ही अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदार मानता है। वीडियो का सबसे भावुक हिस्सा तब आया जब उसने कहा, मैं जीना चाहता था, लेकिन मुझसे नहीं हो रहा था।' उसने माता-पिता और अन्य परिजनों से भी माफी मांगते हुए कहा कि उसकी मौत के लिए पत्नी या उसके परिवार को जिम्मेदार न ठहराया जाए।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सोनू लंबे समय से घरेलू कलह और मानसिक तनाव से जूझ रहा था। हालांकि आत्महत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और वीडियो को भी साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है।पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को घटना की सूचना मिलते ही रकाबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में घटना के बाद शोक और सनसनी का माहौल है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है

## पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा ने मुख्य विकास अधिकारी को विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण पत्रावलियों की स्थिति से अवगत कराया।

परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक में 312, भारतीय स्टेट बैंक में 219, बैंक ऑफबड़ौदा में 197, प्रथमा बैंक में 51, केनरा बैंक में 10, यूनियन बैंक में 17, इंडियन बैंक में 14, बैंक ऑफइंडिया में 9, सेंट्रल बैंक में 14, बैंक ऑफमहाराष्ट्र में 3, एचडीएफसी बैंक में 3, यूको बैंक में 6, पंजाब एंड सिंध बैंक में 1 तथा सोलफिन में 1 सहित कुल 857 ऋण पत्रावलियां लंबित हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत लंबित सभी ऋण पत्रावलियों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकृत वेंडरों की सभी समस्याओं का तीन दिन के भीतर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी नेडा, विद्युत विभाग के अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम), भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफबड़ौदा सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं शाखा प्रबंधक तथा जनपद के पंजीकृत वेंडर्स आदि मौजूद रहे।

## भूजल सप्ताह के तहत पहाड़पुर में रैली निकालकर बताया जल संरक्षण का महत्व

**बदायूं।** भूमि संरक्षण इकाई (कृषि विभाग) के तत्वाधान में बुधवार को ग्राम पहाड़पुर विकास खण्ड अम्बियापुर में भूजल सप्ताह के तहत रैली निकाली गई तथा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

भूमि संरक्षण अनुभाग के अवर अभियन्ता पूरन सिंह द्वारा द्वारा संचालित की जा रही खेत-तालाब योजना के बारे में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। भूजल संरक्षण हेतु रेन वॉटर हारवेस्टिंग के लाभ से अवगत कराते हुये अपने छतो एवं घरों पर स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहुल कुमार एवं देवेन्द्रपाल सिंह द्वारा भूमि संरक्षण इकाई स्तर पर संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के महत्वों के बारे में बताया गया तथा उनका लाभ प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया गया। रैली में ग्राम प्रधान पहाड़पुर एंव क्षेत्र पंचायत सदस्य पहाड़पुर भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा भूमि संरक्षण अनुभाग के माध्यम से कराये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुये ग्रामीणों को भूजल संरक्षण का महत्व बताया गया साथ ही ग्रामीणें को जल संरक्षण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पहाड़पुर, अवर अभियन्ता पूरन सिंह, वीरेश कुमार, देवेन्द्रपाल सिंह एंव राहुल कुमार व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## महिला आयोग की सदस्या ने सुनीं समस्याएं



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा० सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पी०डब्लू०डी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई तथा ब्लॉक वजीरगंज में जागरुकता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें भूमि विवाद 01 व अतिरिक्त विवाह घरेलू हिंसा सम्बन्धित 05 सहित कुल 06 शिकायती प्रार्थना पत्र जनसुनवाई के अन्तर्गत प्राप्त हुये। जिसमें मा० सदस्या द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण व समस्याओं के गुणवत्तापरक व समयबद्ध समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सदस्या अवनी सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाश्त न करें। महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। जागरुकता चौपाल में आयी महिलाओं को मा० सदस्या द्वारा महिला सुरक्षा के सम्बंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों व किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा महिलाओं को सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक व अन्य योजनाओं का लाभ अपना आर्थिक व सामाजिक उत्थान करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाएं सबल बनकर समाज में और बेहतर कार्य कर सकती हैं।

सदस्या द्वारा बताया गया कि महिला संबंधी किसी भी शिकायत को टोल फ्री नंबर 18001805220 तथा व्हॉट्सएप नंबर 6306511708 पर भी किया जा सकता है। मा० सदस्या द्वारा ब्लॉक वजीरगंज में आयोजित जागरुकता चौपाल में गर्भधात्री महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक नोडल अधिकारी अंजुम बी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी शैली गोविल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, संरक्षण अधिकारी छवि वैश्य, जिला मिशन समन्वयक, प्रतिक्षा मिश्रा सेन्टर मैनेजर, प्रीति चौहान, डोली आदि उपस्थित रहें।

## इनर व्हील क्लब बदायूं द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** इनर व्हील क्लब बदायूं द्वारा केदारनाथ स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में पीडीसी साधना जी ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी और उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी इस विषय पर अपने विचार एवं भाषण प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी सचिव पूजा रस्तोगी कोषाध्यक्ष लावी रस्तोगी

आईएसओ ऋचा रस्तोगी संपादक श्वेता रस्तोगी और क्लब के सदस्य अंजू रस्तोगी संगम रस्तोगी संगम वैश्य कुसुम रस्तोगी सुरभि रस्तोगी आदि स्थापित रहें

## सार-संक्षेप

### दिल्ली कूच कर रहे कार्यकर्ताओं को कैंप कार्यालय पर नजरबंद किया

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन की आशंका पर जनपद में पुलिस अलर्ट मोड पर रही। सपा लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद पुलिस ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। बुधवार को लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव एड. राहुल यादव भीष्म के नेतृत्व में दिल्ली कूच कर रहे कार्यकर्ताओं को उनके कैंप कार्यालय श्यामपुर हाउस पर नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया गया। एड. राहुल यादव भीष्म ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों, युवाओं, किसानों और गरीबों के अधिकारों पर यदि कोई हमला करेगा तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गजराज सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना अपराध नहीं बल्कि जनता का संवैधानिक अधिकार है और इस अधिकार की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी हर कीमत पर लड़ाई जारी रखेगी। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

### पेपर लीक के खिलाफ सपाईयों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष एड. सुरेंद्र पाल सिंह यादव के नेतृत्व में पेपर लीक छात्रों की समस्याओं और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार सुरेंद्र कुमार को सौंपा। बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि छात्रों की लोकतांत्रिक मांगों के समर्थन में आवाज उठाने वाले विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध कर रहे जनप्रतिनिधियों के साथ किया गया व्यवहार निंदनीय है और लोकतांत्रिक परंपराओं की विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा और युवाओं के मुद्दों पर जवाब देने की बजाय विपक्ष का दमन कर रही है। इस दौरान सपा नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। इस दौरान सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष काजी शाहनवाज खान, एड. मोहित शर्मा, सूरज पाल गिहार, पूर्व प्रधान सकलेन खां, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विनोद यादव, भूपेंद्र दिवाकर वीरेश प्रजापति, रामवीर सिंह, जयप्रकाश, चंद्रपाल सिंह, श्योराज सिंह, मो. अनीस फारूकी, ईशपाल सिंह यादव, दीपक भारती राजेंद्र कुमार, किशनवीर आदि सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कांवड़ यात्रा को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बिसौली।** आगामी कावड़ यात्रा को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इस दौरान एसडीएम प्रियंका कुमारी ने कावड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। बुधवार को उप जिलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने पुलिस के साथ रानेट चौराहा एवं औरछी चौराहे का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सपाईयों ने सौंपा ज्ञापन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज और अभद्र व्यवहार के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिसौली तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी विधानसभा बिसौली के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह यादव (एडवोकेट) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए तथा धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग भी उठाई।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसीलदार एवं कोतवाली प्रभारी कमलेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद धरना समाप्त कर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप दिया। ज्ञापन में समाजवादी पार्टी नेताओं ने दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे घायल छात्र-छात्राओं के समुचित उपचार की व्यवस्था कराने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लिए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दिल्ली पुलिस द्वारा कथित रूप से हिरासत में लिए जाने की निंदा करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से पार्टी नेताओं ने उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी से संबंधित सरकारी कार्रवाई पर भी आपत्ति जताते हुए विश्वविद्यालय के संबंध में जारी आदेशों को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर सूरज गिहार (सभासद), काजी शाहनवाज (नगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी), भूपेंद्र दिवाकर (जिला पंचायत सदस्य), खजाना देवी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), रूपा यादव, जुगेन्द्र यादव (प्रधान), विनोद यादव (पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी), जेडी यादव, मोहित शर्मा, केपी सिंह, रंजीत सिंह, अमित मथुरिया (वरिष्ठ सपा नेता), राजीव यादव, विनोद यादव, ईशपाल यादव, रामवीर सिंह, जय प्रकाश, अमित चतुर्वेदी, सुरेन्द्र दिवाकर सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर के 38 भवनों के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण के आदेश को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाफिज इरफान ने महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहसवान के माध्यम से प्रेषित किया।

ज्ञापन में कहा गया कि मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय प्रदेश का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है, जहाँ हजारों विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय केवल एक इमारत नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों, अभिभावकों की आशाओं और शिक्षकों के वर्षों के परिश्रम का प्रतीक है। ऐसे में किसी भी प्रकार की कार्रवाई से विद्यार्थियों की शिक्षा, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य तथा प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

हाफिज इरफान ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मुहम्मद अली जौहर की शैक्षिक प्रेरणा से उनके नाम पर की गई थी। इसलिए इस मामले के सभी कानूनी, संवैधानिक एवं मानवीय पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने महामहिम राज्यपाल से अनुरोध किया कि प्रस्तावित ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश पर तत्काल रोक लगाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करें, ताकि विद्यार्थियों के हित, विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियाँ और संस्थान का भविष्य सुरक्षित रह सके। हाफिज इरफान ने कहा कि शिक्षा संस्थानों के संबंध में लिए जाने वाले निर्णय ऐसे होने चाहिए जो विद्यार्थियों के हितों और शिक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस मौके पर गुलफाम सिंह यादव, रजी अहमद राजू, मुकर्रम अंसारी, अजमल हुसैन, एडवोकेट कसीम सरवर, शोएब अहमद शब्बू, हाफिज आतिफरजा, शानू प्रधान बागवाला, मुबीन आदि शामिल रहे।

## सड़क पर हुए गहरे गड्ढों से निकलना हुआ मुश्किल

**उघैती।** सड़कों के कायाकल्प को लेकर सरकार के तमाम दावे हैं,लेकिन उघैती कस्बे में स्टेट हाईवे की सड़क कई जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे राहगीरों को गिरते पड़ते निकलना पड़ रहा है। लेकिन लोक निर्माण विभाग ने इसका तमाम शिकायतों के बावजूद संज्ञान नहीं लिया है। बदायूं बिजनौर स्टेट हाईवे का रास्ता कस्बे के मुख्य बाजार से होकर निकलता है। इस रास्ते पर ही कस्बे का मुख्य बाजार भी है। लेकिन इस रोड पर कई जगह सड़क टूटने की वजह से गहरे गड्ढे हो गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा दिक्कत वाहन चालकों को है। स्पीड तेज होने पर अचानक बाइक सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। चार पहिया वाहन चालकों का संतुलन भी बिगड़ने से हादसे की स्थिति बन जाती है। पहले भी कई बार शिकायतें हुई थीं,लेकिन सिर्फलीपापोती कर जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली है।

## बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे बड़ी ताकत, 2027 में रचेंगे इतिहास





**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** भाजपा द्वारा जनपद की छहों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बिसौली विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष एटा संदीप जैन, सहसवान विधानसभा में महापौर मथुरा विनोद अग्रवाल, बिल्सी विधानसभा में पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ के.एम अरोड़ा, सदर विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर, शेखूपुर विधानसभा में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, दातागंज विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल पुंडीर, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, वरिष्ठ नेता डीके भारद्वाज ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। इसी क्रम में सम्मेलन डायट ऑडिटोरियम, बदायूँ (शेखूपुर विधानसभा), भगवान दास पैलेस, उझानी (बिल्सी विधानसभा), सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिसौली (बिसौली विधानसभा), सिंह ब्रदर्स मार्बल कॉर्नर, दातागंज (दातागंज विधानसभा), डायट ऑडिटोरियम, बदायूँ (बदायूँ विधानसभा) तथा प्रेम रिसॉर्ट, इस्लामनगर (सहसवान विधानसभा) में आयोजित हुए।

महापौर मथुरा विनोद अग्रवाल ने कहा भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका बूथ है और बूथ की सबसे बड़ी ताकत बूथ अध्यक्ष हैं। भाजपा की चुनावी सफलता का आधार बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत, अनुशासन और जनसंपर्क है। बूथ अध्यक्ष केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि पूरे वर्ष जनता के बीच रहकर सेवा, संवाद और विश्वास का वातावरण तैयार करते हैं। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र के प्रत्येक परिवार तक पहुँच बनाए, भाजपा सरकार की योजनाओं और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाए तथा नए मतदाताओं और लाभार्थियों से सतत संपर्क बनाए रखे। वर्ष 2027 का विजय अभियान भी बूथ से ही शुरू होगा और बूथ की मजबूती ही भाजपा को ऐतिहासिक सफलता दिलाएगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष एटा संदीप जैन ने कहा भाजपा में बूथ अध्यक्ष सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाला कार्यकर्ता है। बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में ही भाजपा चुनाव लड़ती है और बूथ की सक्रियता ही विजय का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करे, नियमित बैठकें आयोजित करे और समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच भाजपा की नीतियों को लेकर जाए। भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी निभाता है। जब प्रत्येक बूथ मजबूत होगा, तब वर्ष 2027 में जनपद की सभी छहों विधानसभा सीटों पर कमल खिलाना सहज होगा।

पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ के.एम अरोड़ा ने कहा भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों की बदौलत बनी है। बूथ अध्यक्ष जनता और भाजपा के बीच विश्वास का सबसे मजबूत सेतु हैं। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता से आत्मीय संबंध बनाना होगा, सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाना होगा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की सेवा की भावना पहुँचानी होगी। चुनावी जीत का आधार बड़े मंच नहीं, बल्कि मजबूत बूथ होते हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी को राष्ट्र सेवा का माध्यम मानकर कार्य करे।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा भाजपा में बूथ अध्यक्ष ही सबसे बड़ी ताकत हैं। बूथ अध्यक्ष केवल एक पदाधिकारी नहीं, बल्कि भाजपा की विजय के सबसे महत्वपूर्ण सेनानी, नेतृत्वकर्ता और आधार स्तंभ हैं। भाजपा बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में चुनाव लड़ती है और बूथ की मजबूती के दम पर विजय प्राप्त करती है। आगे कहा वर्ष 2027 में बदायूँ जनपद की सभी छहों विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरा होगा। जब प्रत्येक बूथ मजबूत होगा, तब भाजपा की विजय ऐतिहासिक होगी।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार की सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। बूथ अध्यक्ष इन उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क बनाए रखे और भाजपा के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करे। मजबूत बूथ ही मजबूत विधानसभा का आधार है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा भाजपा की सफलता बूथ अध्यक्षों की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने बूथ पर भाजपा की विचारधारा का प्रभावी प्रतिनिधि बने, समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद स्थापित करे और भाजपा को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाने का कार्य करे। बूथ की मजबूती ही विजय की गारंटी है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य समेत अन्य भाजपाईयों ने संबोधित किया।

## संपादकीय

## आढ़तियों के चंगुल में ग्राहक-किसान, सरकार लाचार

भारतीय कृषि व्यवस्था की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि खेत की मिट्टी से उपज उगाने वाला किसान और रसोई घर का बजट संभालने वाला आम ग्राहक, दोनों एक ही चक्रव्यूह के दो अलग-अलग शिकार हैं। किसान दिन-रात पसीना बहाकर फसल तैयार करता है, लेकिन जब वह बाजार पहुंचता है तो उसकी जेब खाली रह जाती है। दूसरी तरफ, जब वही ग्राहक बाजार में सब्जियां या अनाज खरीदने जाता है, तो आसमान छूती महंगाई उसकी कमर तोड़ देती है। इस पूरी व्यवस्था के बीच एक ऐसा वर्ग पनप रहा है, जो बिना किसी शारीरिक मेहनत के पूरी मंडी प्रणाली पर अपना नियंत्रण जमाए बैठा है ये हैं बिचौलिए यानी आढ़ती। खेत से लेकर ग्राहक की थाली तक के सफर में जो मुनाफा किसान के घर पहुंचना चाहिए था और जो राहत ग्राहक को मिलनी चाहिए थी, वह सब इन आढ़तियों की तिजोरियों में बंद हो रहा है। आज स्थिति यह बन चुकी है कि आढ़तियों के तय किए रेट पर ही किसान बेचने और ग्राहक खरीदने के लिए मजबूर हैं, और सरकार का तंत्र इस पूरे खेल में पूरी तरह मूकदर्शक बना नजर आता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस शोषण की भयानक तस्वीर साफ दिखने लगती है। भारत में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के आंकड़े बताते हैं कि देश में एक कृषि परिवार की औसत मासिक आय मात्र 10,218 रुपये के करीब है। इस मामूली सी रकम में किसान को अपनी खाद, बीज, डीजल, मजदूरी और परिवार के भरण-पोषण का खर्च चलाना पड़ता है। इसके ठीक विपरीत, रिजर्व बैंक और विभिन्न शोध संस्थानों की रिपोर्ट दर्शाती है कि किसान की उपज के अंतिम बाजार मूल्य (यानी जो दाम ग्राहक चुकाता है) का महज 25 से 35 प्रतिशत हिस्सा ही किसान की जेब तक पहुंच पाता है। उदाहरण के लिए, यदि बाजार में टमाटर या प्याज 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, तो खेत पर किसान को इसका मुश्किल से 12 से 15 रुपये प्रति किलो ही मिलता है। बाकी का लगभग 65 से 75 प्रतिशत हिस्सा बिचौलियों, आढ़तियों, परिवहन और मंडी के विभिन्न स्तरों पर बंट जाता है। यह आंकड़ा साबित करता है कि असली पसीना बहाने वाले को नाममात्र की मजदूरी मिल रही है, जबकि बीच की कड़ी मुनाफा कूट रही है।

आढ़तियों का यह नेटवर्क इतना मजबूत और संगठित है कि वे मंडी में प्रवेश करते ही किसान की बेबसी का फायदा उठाना शुरू कर देते हैं। कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) का गठन मूल रूप से इसलिए किया गया था ताकि किसानों को शोषण से बचाया जा सके और उन्हें पारदर्शी तरीके से अपनी फसल का सही दाम मिले। लेकिन समय के साथ ये मंडियां आढ़तियों के एकाधिकार का केंद्र बन गईं। आढ़ती ही यह तय करते हैं कि किसान की उपज की बोली किस दाम से शुरू होगी और किस भाव पर उसे खरीदा जाएगा। किसान के पास न तो अपनी फसल को लंबे समय तक स्टोर करने के लिए पर्याप्त शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) हैं और न ही उसके पास इतना धैर्य होता है कि वह दाम बढ़ने का इंतजार करे, क्योंकि उसे अगली फसल के लिए कर्ज चुकाना होता है। आढ़तियों को किसान की इस लाचारी का पूरा अहसास होता है। वे एकजुट होकर कृत्रिम रूप से दाम गिरा देते हैं, जिससे किसान औने-पौने दामों में अपनी उपज बेचने पर मजबूर हो जाता है। दूसरी ओर, जब यही माल मंडी से बाहर निकलकर खुदरा बाजार की ओर बढ़ता है, तो आढ़तियों का दूसरा खेल शुरू होता है। वे बाजार में आपूर्ति को नियंत्रित करके और अपने पास माल का भंडारण करके खुदरा कीमतों को कृत्रिम रूप से बढ़ा देते हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रा स्फीति का सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। एक औसत भारतीय परिवार अपनी कुल आय का लगभग 40 से 45 प्रतिशत हिस्सा केवल भोजन पर खर्च करता है। जब आढ़तियों और थोक व्यापारियों के गठजोड़ के कारण सब्जियों और खाद्यान्न के दाम बढ़ते हैं, तो ग्राहक का पूरा मासिक बजट बिगड़ जाता है। ग्राहक मजबूरी में महंगे दामों पर सामान खरीदता है, यह सोचकर कि शायद इसका फायदा किसान को मिल रहा होगा, जबकि हकीकत में किसान पहले ही अपनी फसल कौड़ियों के भाव बेचकर खाली हाथ घर लौट चुका होता है। इस पूरी व्यवस्था में सरकार और उसके प्रशासनिक ढांचे की भूमिका सबसे ज्यादा निराशाजनक रही है। कागजों पर तो किसान हितैषी कई योजनाएं हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दावे हैं और आवश्यक वस्तु अधिनियम जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन धरातल पर आढ़तियों पर किसी का नियंत्रण नहीं है।

**लेखक: संजय सक्सेना**


**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# नीट आंदोलन की आड़ में सत्ता को घेरने की राजनीति

नीट परीक्षा में पेपर लीक का मामला निश्चित रूप से करोड़ों विद्यार्थियों और उनके परिवारों से जुड़ा गंभीर विषय है। किसी भी परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठना देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना भी आवश्यक है। किंतु पिछले कुछ दिनों में जिस प्रकार यह मुद्दा दिल्ली की सड़कों से लेकर संसद और प्रधानमंत्री आवास तक पहुंचा, उसने इस पूरे घटनाक्रम को केवल छात्रों के आंदोलन तक सीमित नहीं रहने दिया। अब यह संघर्ष शिक्षा व्यवस्था से अधिक राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन और सरकार को घेरने की रणनीति के रूप में दिखाई देने लगा है।

जंतर-मंतर पर शुरू हुआ आंदोलन धीरे-धीरे विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा मंच बन गया। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और उससे जुड़े संगठनों के आंदोलन में विपक्षी दलों की सक्रिय भागीदारी ने यह संकेत दिया कि पेपर लीक के मुद्दे को सरकार के खिलाफ व्यापक राजनीतिक अभियान में बदला जा रहा है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों का प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकालना और वहीं धरना देना भारतीय राजनीति की असाधारण घटना रही। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रदर्शन प्रत्येक दल का अधिकार है, लेकिन प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास के बाहर धरना देकर राजनीतिक संदेश देने की रणनीति ने अनेक प्रश्न भी खड़े किए हैं।

सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने बातचीत का प्रयास किया और संसद में चर्चा के लिए तैयार होने की बात कही। इसके बावजूद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर विपक्ष का अड़े रहना इस बात का संकेत देता है कि अब विवाद केवल परीक्षा प्रणाली तक सीमित नहीं रह गया है। विपक्ष इसे सरकार की नैतिक जिम्मेदारी का प्रश्न बना रहा है, जबकि सरकार इसे राजनीतिक टकराव का रूप देने का आरोप लगा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पहली बार इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया देते हुए पेपर लीक को घोर पाप बताया और कहा कि दोषियों को कठोरतम दंड दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह राजनीति का नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य का विषय है और केंद्र तथा राज्यों को मिलकर ऐसी घटनाओं को रोकना होगा। सरकार का दावा है कि आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की जा चुकी है और भविष्य में परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा।

दूसरी ओर आंदोलन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई ने पूरे विवाद को और अधिक संवेदनशील बना दिया। दिल्ली हाईकोर्ट में भी इस संबंध में याचिका दायर हुई, हालांकि तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए अदालत ने नियत तिथि पर सुनवाई करने का निर्णय लिया।

इसी बीच दिल्ली पुलिस की जांच में सामने आए कुछ चौट संदेशों ने भी नए सवाल खड़े किए हैं। पुलिस का दावा है कि कुछ संदेशों में इंटरनेट बंद होने की स्थिति में गुप्त माध्यमों से संपर्क बनाए रखने और आंदोलन को किसी भी स्थिति में जारी रखने जैसी बातें सामने आई हैं। यदि जांच में ऐसे दावे प्रमाणित होते हैं तो यह केवल सामान्य छात्र आंदोलन का विषय नहीं रहेगा, बल्कि कानून व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ा मामला भी बन सकता है। हालांकि इन दावों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और जांच पूरी होने के बाद ही संभव होगी।

विपक्ष का आरोप है कि सरकार छात्रों की आवाज दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। वहीं सत्ता पक्ष का कहना है कि आंदोलन में कुछ ऐसे तत्व शामिल हो गए हैं जिनका उद्देश्य केवल परीक्षा सुधार नहीं बल्कि राजधानी में अराजकता फैलाना और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करना है। यह आरोप-प्रत्यारोप लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन यह भी आवश्यक है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले तथ्यों और जांच के परिणामों का इंतजार किया जाए।

कुछ स्थानों पर प्रदर्शन के दौरान देश विरोधी नारे लगाए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। यदि किसी आंदोलन में वास्तव में ऐसे तत्व सक्रिय पाए जाते हैं जो राष्ट्रीय हित के विरुद्ध कार्य कर रहे हों, तो उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होना स्वाभाविक है। किंतु ऐसे मामलों में पूरे आंदोलन या सभी प्रदर्शनकारियों को एक ही दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असामाजिक तत्वों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के बीच अंतर बनाए रखना आवश्यक होता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष आगामी चुनावी राजनीति को ध्यान में रखते हुए छात्रों के इस असंतोष को व्यापक जन आंदोलन में बदलने का प्रयास कर रहा है। वहीं सरकार इस पूरे घटनाक्रम को विपक्ष द्वारा राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश के रूप में प्रस्तुत कर रही है। इस टकराव के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या वास्तव में छात्रों के भविष्य से जुड़े मूल मुद्दे पीछे छूटते जा रहे हैं।

कुछ लोगों की आशंका है कि जिस प्रकार पड़ोसी देशों में लंबे समय तक चलने वाले आंदोलनों ने राजनीतिक अस्थिरता को जन्म दिया, उसी प्रकार की परिस्थितियां भारत में पैदा करने की कोशिश हो रही है। यह एक गंभीर आशंका है, जिसकी पुष्टि केवल तथ्यों और जांच के आधार पर ही की जा सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी आंदोलन को विदेशी घटनाओं या साजिशों से जोड़ने से पहले पर्याप्त प्रमाण आवश्यक होते हैं। फिर भी यह अपेक्षा अवश्य की जा सकती है कि किसी भी राजनीतिक दल या संगठन को ऐसा वातावरण नहीं बनने देना चाहिए जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था प्रभावित हो।



**लेखक : कांतिलाल मांडोत**

# रोहित शर्मा ने लगाई लंबी छलांग, नंबर-1 की दौड़ हुई रोमांचक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे पर लॉर्ड्स में खेली गई शानदार 138 रन की पारी का इनाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा जारी साप्ताहिक रैंकिंग में रोहित 14 रेटिंग अंक की बढ़त के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और अब वह शीर्ष स्थान की दौड़ में मजबूती से शामिल हो गए हैं।

फिलहाल न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 802 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। भारत के शुभमन गिल 801 अंकों के साथ महज एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 767 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर कायम हैं।



रोहित शर्मा 758 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में 110 गेंदों पर 138 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 17 चौके और पांच छक्के लगाए। खास बात यह रही कि वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर वनडे शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने। भारत को 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करना था। हालांकि रोहित की शानदार पारी के बावजूद टीम इंडिया 27 रन से मुकाबला हार गई और तीन मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा बैठी।

सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन उन्होंने अपने बल्ले से सभी सवालों का जवाब दिया। मैच के बाद रोहित ने कहा, जब से मैंने डेब्यू किया है, तब से मेरे बारे में बातें होती रही हैं और जब तक मैं खेलूंगा, होती रहेंगी। मेरे लिए सबसे अहम बात मैदान पर प्रदर्शन करना और टीम की सफलता में योगदान देना है। अगर शोर नहीं होगा तो मजा भी नहीं आएगा।

भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद इंग्लैंड के कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। जो रूट 249 रन बनाने के बाद चार स्थान की छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंच गए। बेन डकेट 11 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए। जैकब बेथेल पांच स्थान की बढ़त के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे ऊपर अफगानिस्तान के राशिद खान पहले और पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे स्थान पर हैं।

ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में भारत के तीन बल्लेबाज शुभमन गिल, विराट कोहली और रोहित शर्मा टॉप-4 में शामिल हैं। इससे साफ है कि भारतीय बल्लेबाजी इस समय विश्व क्रिकेट में सबसे मजबूत इकाइयों में से एक बनी हुई है। खास तौर पर गिल और रोहित की हालिया फॉर्म ने नंबर-1 रैंकिंग की जंग को बेहद रोमांचक बना दिया है।

## श्रेयस अय्यर की कप्तानी पर होंगी नजरें

**नई दिल्ली।** आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मिली सीरीज हार के बाद भारतीय टी20 टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए हरारे पहुंच चुकी है। कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए यह दौरा टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तानी में खुद को साबित करने का बेहतरीन मौका है। आईपीएल 2026 के बाद कप्तानी संभालने वाले अय्यर के लिए पिछला कुछ समय चुनौतीपूर्ण रहा है, हालांकि बल्लेबाज के रूप में उनका बल्ला लगातार गरज रहा है। संजू सैमसन की गैरमौजूदगी में भारत के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन देखने लायक होगा। वहीं नए तेज गेंदबाजों की चौकड़ी भी इस दौरे पर सबका ध्यान खींचेगी।

# गाजियाबाद विविध

## इंदिरापुरम के फ्लैट में अचानक आग लगने से मचा हड़कंप

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम के अहिंसाखंड में शाम एक हादसा हो गया। क्लाउड 9 सोसायटी के एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। यह हादसा एयर कंडीशनर (एसी) फटने के कारण हुआ, जिससे फ्लैट में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची।

हालांकि, दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही सोसायटी के निवासियों ने अपनी सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया था। आग क्लाउड 9 सोसायटी के डी टावर के सबसे ऊपरी फ्लैट में लगी थी, जिससे आसपास के लोग भी चिंतित हो गए। आग की लपटें और घना धुंआ बालकनी से बाहर निकलने लगा, जिससे अन्य निवासियों को घटना का पता चला।



सोसायटी के आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) और स्थानीय लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए फायर सिस्टम का उपयोग किया। उन्होंने मिलकर आग को फैलने से रोका और उस पर नियंत्रण पाने में सफलता हासिल की। इस दौरान फ्लैट में मौजूद दो बुजुर्ग व्यक्तियों, एक बच्चे और एक महिला को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, जो एक बड़ी राहत की बात है। शुरुआती जांच में एसी फटने को ही आग लगने का मुख्य कारण बताया जा रहा है। सोसायटी के लोगों की त्वरित प्रतिक्रिया और एकजुटता से एक बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही आग पर काफी हद तक नियंत्रण कर लिया था। फ्लैट के अंदर फंसे दो बुजुर्ग, एक बच्चे और महिला को सुरक्षित बाहर निकालना एक महत्वपूर्ण बचाव कार्य था। स्थानीय निवासियों ने इस बचाव अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे सभी की जान बच गई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, आग से फ्लैट में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया है। इस घटना में संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है, लेकिन किसी की जान को खतरा नहीं हुआ। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि आग एयर कंडीशनर के फटने के कारण लगी थी। अग्निशमन विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

## मनोज गुप्ता को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज गुप्ता का जन्मदिन संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। कविनगर स्थित राष्ट्रीय व्यापार मंडल कार्यालय जी 35 गजप्रस्थ में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने मनोज गुप्ता को माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्हें स्मृति चिह्न और पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में केक काटकर सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि मनोज गुप्ता संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उनके कार्य और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिल रही है। उन्होंने मनोज गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

इस अवसर पर पं. अशोक भारतीय, संदीप त्यागी, रसम, संजय शर्मा, आशु पंडित, अयांश आदि ने मनोज गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की।

## जंतर मंतर पर कार्यकर्ताओं के भेष में अराजक तत्वों द्वारा हो रही साजिश

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** पंडित अशोक भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने जनता मंत्र में होने वाले तथाकथित धरना प्रदर्शन पर अपना तीव्र असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली जंतर मंतर पर धरने में सपा कांग्रेस के कार्यकर्ता भेष बदलकर सीजेपी के धरने में शामिल होकर विदेशी तत्वों की शह पर सीजेपी के आंदोलन को उग्र करने की वे कठोर शब्दों में निंदा की है।

उन्होंने कहा कि अराजक आंदोलन मे शामिल होकर यह भेष बदलने वाले 118 से ज्यादा पुलिसकर्मीयों को घायल करते है। 5 से ज्यादा आईपीएस अराजकता में घायल होते हैं उसके विपरीत पुलिस के द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी संयम रखने की वे सराहना करते हैं। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ करके सीजेपी के धरने को शायद बदनाम करके कांग्रेस एवं सपा आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर बीजेपी की होने का आरोप लगाते हैं।



उन्होंने कहा धरने के अगले दिन 21 जुलाई को गोपनीय तरीके से साजिश करके राहुल व अखिलेश प्रधानमंत्री के निवास स्थान पर धरना देते हुए अवैध कार्य करते हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मर्यादा का पालन करना चाहिए था, अराजकता नहीं फैलानी चाहिए थी। सीजेपी के आंदोलन को राहुल का अखिलेश द्वारा अपने पक्ष में कब्जा करने की वे कठोर शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव जीतने की इस तरह की गैर कानूनी व अलोकतांत्रिक कोशिशो की जितनी भृत्सना की जाये उतनी कम है। उन्होंने आगे कहा कि वे केंद्र सरकार से भी छात्रों की जायज मांगो की तरफ ध्यान देने तथा निर्दोष छात्रों को माफ करके साजिश कर्ता विपक्षी नेताओं पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हैं तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की संसद में नीट और उससे संबंधित विषयों पर धरने के दौरान चर्चा की मांग केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा सरकार से वार्ता के बाद मांग मानने के बाद भी विपक्षी नेता राहुल गांधी द्वारा अपनी मांग पर कायम न रहकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की नई मांग रखने की कठोर शब्दों में निंदा करते हैं।

## जस्ट डायल पर बुकिंग के नाम पर ठगी

**गाजियाबाद।** जनपद में ट्रांसपोर्ट बुकिंग के लिए जस्ट डायल पर संपर्क करने वाले ग्राहकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का स्वाट टीम और मुरादनगर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कीपैड मोबाइल फोन और चार मोबाइल बिल बरामद किए हैं। गिरोह के चार अन्य साथी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

# धौलपुर बाड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**धौलपुर।** जनपद में कलेक्ट्रेट पर बुधवार दोपहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा मामले में छात्रों के समर्थन को लेकर राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले हुए प्रदर्शन में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। बाद में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस को अपनी गिरफ्तारियां भी दीं। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बसेड़ी विधायक संजय जाटव तथा



राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा रोशनी शिवहरे कांग्रेस कमेटी जिला सचिव रामेंद्र मीणा ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार भारद्वाज पूर्व पार्षद अनिल अरेला रामवीर पोसवाल नईम खान रामसेवक अजहर ने किया। कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध जताया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय जाटव ने कहा कि देश के लाखों छात्र निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था और अपने भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनकी आवाज दबाने का काम कर रही है। उनका आरोप था कि राहुल गांधी ने केवल युवाओं का पक्ष रखा, लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया गया। राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि कांग्रेस छात्रों, युवाओं और किसानों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लगातार लड़ती रहेगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, 246 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच और बेटियों के सम्मानजनक शादी समारोह आयोजन को परिलक्षित करने वाले सामूहिक विवाह समारोह के तहत जिले के तीन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 246 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। तालानगरी स्थित निजी बैंक्वेट हाल में ब्लॉक अकराबाद, धनीपुर, जवां, अतरौली, गंगीरी, बिजौली, टप्पल, चण्डौस, लोधा, नगर पंचायत जलाली एवं नगर पंचायत छर्रा, खेरेश्वर मंदिर चौराहा स्थित निजी गेस्ट हाउस में नगर निगम, नगर पंचायत चण्डौस एवं नगर पंचायत मडराक और गोंडा-खैर रोड गोंडा स्थित निजी फार्म हाउस में ब्लॉक



गोंडा, खैर व इगलास के विभिन्न समुदायों के जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया।

तालानगरी में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह द्वारा विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शी और संवेदनशील सोच का जीवंत उदाहरण है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन की नई शुरुआत का अवसर प्रदान कर रही है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी अंकुश लगता है और समाज में समानता एवं समरसता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब बेटी का पिता जो विवाह के आयोजन में कर्ज में डूब जाता था, योगी ने पूरी संवेदनशीलता से बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। इतना ही नहीं विवाह समारोह और भव्य रूप से आयोजित हो सकें इसके लिए, मुख्यमंत्री ने योजना की धनराशि 51 हजार से बढ़ाकर 01 लाख रूपये कर दी है। जिला प्रशासन की विशेष पहल पर मौके पर वर-वधुओं के लिए मिष्ठान और सूखे मेवे का वितरण किया गया जबकि लाभार्थियों की सुविधा के लिए सभी उपहार सामग्री संबंधित ब्लॉक मुख्यालय से आगामी दो दिन में प्राप्त कराई जाएगी।

# आलू निर्यात को मिलेगी नई रफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद सम्भल से आलू निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, उद्यान एवं कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के अधिकारियों, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों तथा गुजरात से आए प्रमुख आलू निर्यातकों ने भाग लिया। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार



त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में आलू निर्यात की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए इच्छुक किसानों एवं एफपीओ को निर्यात से जोड़ने के लिए यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के समन्वय से किसानों को निर्यात संबंधी आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि सम्भल में मुख्य रूप से चिप्सोना, पुखराज, सूर्या एवं ख्याति प्रजाति के आलू का उत्पादन होता है। इन किस्मों की गुणवत्ता के कारण जनपद से निर्यात की अच्छी संभावनाएं हैं।

कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 की जानकारी देते हुए बताया कि 50 हेक्टेयर क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर कुल उत्पादन का कम से कम 30 प्रतिशत निर्यात करने पर 10 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब 50 हेक्टेयर क्षेत्र पूरे ब्लॉक में होने पर भी क्लस्टर बनाया जा सकेगा।

# चंदौसी तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पर कार्रवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल की चंदौसी तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ जिला खान अधिकारी शिवम कुमार ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान वाहनों को सीज कर थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, जिला खान अधिकारी शिवम कुमार द्वारा क्षेत्र में अवैध



खनन एवं खनिज परिवहन की जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली के दस्तावेजों एवं खनिज परिवहन की वैधता की जांच की जा रही है। संबंधित नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और बिना वैध अनुमति खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### संभल विधानसभा में आयोजित हुआ भव्य बूथ अध्यक्ष सम्मेलन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** संभल विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक विशाल बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद अशोक कटारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी संगठनात्मक रणनीतियों को मजबूत करना और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का फूलमालाओं व पटको से मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों द्वारा स्वागत किया गया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि हमारी पार्टी द्वारा आने वाले विधान सभा चुनाव की रणनीति बना ली गई है और उसकी तैयारी शुरू हो गई है आज बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन से शुरुआत की गई है हमारी पार्टी बूथ स्तर से ही चुनाव प्रबंधन का कार्य करती है सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने कहा कि ष्बूथ अध्यक्ष ही पार्टी की वास्तविक रीढ़ हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जब हमारा बूथ मजबूत होगा, तभी पार्टी की विजय सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों का आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएं और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

सम्मेलन में संगठन को धरातल पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस बार संभल का चुनाव जीतना है हमारे बूथ के अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के प्रबंधन, मेहनत से ही चुनाव जीता जा सकता है हमारा कार्यकर्ता भारत माता के सम्मान के लिये कार्य करता है हमारी पार्टी की बूथ अध्यक्ष की पार्टी के मालिक की हैसियत रखता है जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों का धन्यवाद करते हुए कहा कि बूथ केवल आपकी मेहनत से ही जीता जा सकता है इस बार आपकी मेहनत से हमें संभल जिले की सभी विधानसभाओं को जितना है हमें मेरा बूथ सबसे मजबूत के सिद्धांत पर चलते हुए कार्य करना है कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता ने एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने की इस अवसर पर संभल विधानसभा के पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा जी, डाक्टर नरेंद्र सिंह, एवं डाक्टर अरविंद, शिल्पी गुप्ता, अर्जुन वाल्मीकि, पंकज गुप्ता, चरण सिंह भारती, मुकुल रस्तोगी, जयप्रकाश गुप्ता व मंडलके अध्यक्ष कशिश कौशल, पारुल शर्मा, राजबहादुर पासी, हरीश लोधी,वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधानसभा असमोली के ए.के. रिसोर्ट, कुरकावली में भव्य बूथ सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान कार्यक्रम संयोजक अवधेश प्रताप सिंह जिला महामंत्री हरिओम शर्मा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र त्यागी जिला मंत्री सोनू चाहल जिला मंत्री देवचन्द सैनी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के समस्त सम्मानित कार्यकर्ता एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वे कार्यों में तेजी लाते हुए समयबद्ध रूप से पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद के 54 कार्यक्रम ए श्रेणी, 2 कार्यक्रम बी श्रेणी, 03 कार्यक्रम सी श्रेणी तथा 04 कार्यक्रम डी श्रेणी में हैं। वर्तमान में जनपद को 62वीं रैंक प्राप्त हुई है। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को नई सड़कों के निर्माण एवं व्यय में वृद्धि करने, जिला पंचायत राज अधिकारी को 15वें वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि का नियमानुसार व्यय बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत मिशन (फेज-2) के अंतर्गत शौचालयों की जियो टैगिंग 25 जुलाई



2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, उपायुक्त एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, डीआरडीए को लक्षित लाभार्थियों की फैमिली आईडी शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को जल जीवन मिशन की प्रगति 98 प्रतिशत तक पहुंचाने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के लाभार्थियों के भुगतान 98 प्रतिशत तक पूर्ण कराने एवं 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं की प्रगति में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों के कार्यक्ळ्मों में तेजी लाते हुए उन्हें ए श्रेणी में लाने तथा जनपद को प्रदेश के प्रथम 10 स्थानों में लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। इसके उपरांत आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में बताया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर जनपद को डी श्रेणी एवं 74वीं रैंक प्राप्त हुई है। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कम व्यय होने से रैंक प्रभावित हुई है। समीक्षा में यह भी बताया गया कि जनपद की 08 परियोजनाएं विलंबित हैं, जिनमें यूपीपीसीएल, राजकीय निर्माण निगम, पर्यटन विकास निगम, जल निगम (नगरीय), यूपी सिडको, लोक निर्माण विभाग की दो परियोजनाएं तथा सी एंड डी एस की एक परियोजना शामिल है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंताओं एवं परियोजना प्रबंधकों को परियोजनाओं की समय-सीमा बढ़वाने तथा कार्यों में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि जनपद की रैंक में सुधार हो सके।

# बाइक और वेग्नार कार में हुई भिड़ंत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बाड़ी।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सदर थाना क्षेत्र के सुनीपुर गांव के पास मंगलवार की रात हादसा हो गया। उक्त हादसे में तेज गति वेगनआर कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार 23 वर्षीय पत्थर मार्बल मजदूर संदीप मीणा की मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया,जहां बुधवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्वाई की है। आरोपित वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

सदर थाने के जांच अधिकारी एएसआई विशाल सिंह ने बताया



कि मंगलवार की रात 11 से 11:30 बजे के बीच में हाईवे 11बी पर सुनीपुर गांव के पास यह दुर्घटना हुई है। कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां बाइक सवार संदीप पुत्र छोटेलाल मीणा सड़क पर पड़ा हुआ था। जिसके पास कुछ लोग मौजूद थे। पुलिस तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों को दिखाया। जिन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया। ऐसे में शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया। जहां परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्वाई की गई है।

# अब ई-रिक्शाओं के लिए नए नियमों का करना होगा पालन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** संभल में ई-रिक्शाओं के लिए नया रूट प्लान लागू, किया गया है जाम से मिलेगी राहत पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी संभल एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व तथा प्रभारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में कस्बा संभल के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ई-रिक्शा रूट प्लान लागू किया गया। योजना के अंतर्गत प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शाओं के लिए निर्धारित रूट तय किए गए हैं। साथ ही यातायात को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर नो-पार्किंग जोन घोषित कर बैरियर एवं



फ्लेक्सी बोर्ड स्थापित किए गए हैं, जिससे अनावश्यक जाम की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

इस दौरान हेड कांस्टेबल सोनू अहलावत ने ई-रिक्शा चालकों को रूट प्लान की विस्तृत जानकारी देते हुए निर्धारित मार्गों का पालन करने, नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़ा न करने तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से रुककर यातायात बाधित न करने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यातायात उपलब्ध कराना है। ई-रिक्शा चालकों ने भी नई व्यवस्था का पालन करने तथा यातायात पुलिस का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# कांग्रेस का किसानों और छात्र के समर्थन में प्रर्दशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी कासगंज के जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को किसानों एवं आम जनता की समस्याओं और दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज और राहुल गांधी और अजय राय को गिरफ्तार करने और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, कोतवाली प्रभारी जगदीश चंद कासगंज के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में खरीफसीजन के दौरान किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराने, स्मार्ट मीटरों से बढ़े बिजली बिलों की जांच कराने तथा आम जनता को राहत देने की मांग की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज पांडेय और एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष दीपक धनगर को पुलिस ने घरो में ही नजरबंद कर दिया था. और दिल्ली और लखनऊ जाने से रोक दिया था.लेकिन कांग्रेस ने ज्ञापन देने की बात कही जिसके बाद पुलिस सुरक्षा में जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय और दीपक धनगर को पुलिस सुरक्षा में लेकर तहसील गई. जहां ज्ञापन का कार्यकम हुआ। जिलाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने कहा कि धान एवं अन्य खरीफ फसलों की बुवाई के समय किसानों को खाद की भारी आवश्यकता होती है, लेकिन जनपद सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में यूरिया और डीएपी की कमी से किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि खाद के लिए किसानों को लंबी



कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कांग्रेस ने स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराकर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की है। इसके अलावा तहसीलों में खतौनी, हिस्सा प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व सेवाओं में निर्धारित शुल्क का पालन सुनिश्चित करने, अनियमितताओं पर रोक लगाने तथा हाल ही में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की भी मांग की गई। कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने प्रशासन से किसानों और आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

कासगंज। एआईसीसी सदस्य मुनेन्द्र पाल सिंह राजपूत ने किसानों एवं आमजन की समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज किसान गंभीर संकट से जूझ रहा है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है और उनकी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल रहा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि तहसीलों में आस्था, खतौनी एवं हिस्सा प्रमाण-पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए किसानों और आम नागरिकों से निर्धारित शुल्क से अधिक धन वसूला जा रहा है, जिससे लोगों का आर्थिक शोषण हो रहा है। सत्यप्रकाश गुप्ता, अलीहसन, अमित कुमार भैय्यू, दीपक धनगर, अमित पाठक, नूर मुहम्मद नूरी, अमरदीन अंसारी, राजकपूर , गुलफाम सिंह, झम्मन सिंह, सुशील शर्मा, प्रतिभा सिंह, ऊषा पाल, अर्चिका मिश्रा, सोनी, दीपू पाण्डेय, अभिषेक दुबे, राजा सलमानी, सलीम सैफी, विमलकुमार सिंह, चमन मियां, आकाश, अखिलेश पाल, वीरेंद्र यादव, चरन सिंह, नीटू पंडित, सुशील शर्मा, दिनेश मिश्रा, चमन ट ेलर, सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी से नाराज पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलवार को लोधा थाना क्षेत्र में साले के शादी समारोह में शामिल होने आए, युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव बुधवार सुबह गांव भरतपुर की मढ़ी के पास एक नीम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान गौतमबुद्ध नगर के रायपुर निवासी पवन के रूप में हुई है।



युवक अपने साले की शादी में शामिल होने आया था, रात में युवक ने साथ में सोने के लिए कहा तो पत्नी ने इंकार कर दिया। जिसके बाद युवक घर से निकल गया, उसने गांव के बाहर जाकर नीम के पेड़ से सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, पवन अपनी पत्नी नीरा के साथ मंगलवार को लोधा थाना क्षेत्र के गाँव बाढौन आया था। वह नीरा के मामा रामचरन के बेटे पुष्पेंद्र की शादी में शामिल होने आया था, जिसकी बारात बुधवार को एटा जानी थी। घर में शादी की तैयारियाँ चल रही थीं। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात पवन और उसकी पत्नी नीरा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद पवन रात में ही घर से निकल गया और पास के गाँव भरतपुर की मढ़ी के पास स्थित एक नीम के पेड़ पर अपनी शर्ट का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

# खैर अतरौली, छर्रा और बरला सीओ के कार्यक्षेत्र बदले

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। 22 जुलाई 2०26 को जारी आदेश के अनुसार, पांच पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं, जबकि एक अधिकारी को स्वास्थ्य कारणों से जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पुलिस प्रशासन ने इसे बेहतर निगरानी, अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।



आदेश के तहत, क्षेत्राधिकारी अतरौली रहे अभिषेक कुमार पटेल को अब खैर सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अधीन थाना खैर, टप्पल और पिसावा क्षेत्र रहेंगे। वहीं, छर्रा के क्षेत्राधिकारी अनिवेश कुमार सिंह को अतरौली भेजा गया है। वे अतरौली, हरदुआगंज और गोधा थानों की निगरानी करेंगे। बरला सर्किल में तैनात गर्वित सिंह को छर्रा क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। उनके कार्यक्षेत्र में छर्रा, दादों, पालीमुकीमपुर और गंगीरी थाने शामिल रहेंगे। लाइन, यातायात, कार्यालय और यूपी-112 की जिम्मेदारी संभाल रहे संजय कुमार त्यागी को बरला सर्किल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह बरला, अकराबाद और विजयगढ़ थानों से संबंधित कार्यों की निगरानी करेंगे, साथ ही अपने पूर्व दायित्व भी निभाते रहेंगे। खैर क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तोमर को स्वास्थ्य खराब होने के कारण जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। पुलिस विभाग के अनुसार, उन्हें फिलहाल फील्ड ड्यूटी से राहत देते हुए मुख्यालय स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पेपर लीक के खिलाफ डॉक्टर्स एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने पेपर लीक मामलों के विरोध में मंगलवार को शांतिपूर्ण मार्च निकाला। रेजिडेंट डॉक्टर मेडिकल कॉलेज परिसर से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचे और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।



डॉक्टरों का कहना था कि बार-बार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इससे सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष बनाने की मांग की। आरडीए ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग को लेकर भी चिंता जताई। डॉक्टरों ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अनावश्यक बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करने और उनकी समस्याओं का समाधान संवाद के जरिए करने की अपील की। रेजिडेंट डॉक्टरों ने पेपर लीक और उससे जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार कर इसे पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए, ताकि छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके। साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए प्रभावी नीतियां लागू करने की भी मांग की। आरडीए अध्यक्ष डॉ. अख्तर अली ने कहा- देश का भविष्य छात्रों, किसानों, स्वास्थ्यकर्मियों और जागरूक नागरिकों पर निर्भर करता है। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन न्याय, पारदर्शिता, समानता और जवाबदेही की स्थापना के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# सोने का गुर्जा और कोतवाली पुलिस की सयुंक्त कार्यवाही

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अकराबाद में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अखिलेश शर्मा को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया। शर्मा राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में दिल्ली में हुए प्रदर्शन के समर्थन में दिल्ली जा रहे थे। हाउस अरेस्ट किए जाने के बाद शर्मा ने कहा कि वे सब राहुल गांधी के सिपाही हैं और देश के लिए जनता की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ते रहेंगे। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की। यह घटना छात्रों के मुद्दों पर प्रधानमंत्री आवास की ओर शांतिपूर्ण मार्च के दौरान हुई थी। शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाना अपराध नहीं है। छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्नों का उत्तर देने के बजाय विपक्ष की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है।



## सार-संक्षेप

### नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड स्वर्ण जयंती नगर के सड़क का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने सीएम ग्रिड स्वर्ण जयंती नगर के सड़क का निरीक्षण किया। उन्होने सड़क के सहारे जा रहे रास्ते को भी अतिरिक्त धनराशि समायोजित करते हुए निर्माण करने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड 22 करोड़ 73 लाख की परियोजना का भी निरीक्षण किया और कार्यदाही संस्था को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत लगभग 22.73 करोड़ की लागत से एडीए कार्यालय (रामघाट रोड) से स्वर्ण जयंती नगर होते हुए क्वार्सी बाईपास तक 1.462 किमी लंबाई की निर्माणाधीन स्मार्ट सड़क का बुधवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा स्थानीय नागरिकों से फीडबैक प्राप्त किया। लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार को अगस्त माह के अंत तक हर हाल में परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों द्वारा 9० मीटर सड़क हिस्से की मरम्मत न होने की जानकारी पर नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता को तत्काल कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। स्वर्ण जयंती नगर क्षेत्र में ड्रेन पर अतिक्रमण के कारण जल निकासी प्रभावित मिलने पर सहायक नगर आयुक्त को अवरोधक अतिक्रमणध्पुलिया व गेट को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय मांग पर सड़क किनारे संपर्क मार्ग का निर्माण भी इसी परियोजना के अंतर्गत कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सी.एम. ग्रिड्स) के अंतर्गत शहर में उच्च गुणवत्ता की आधुनिक सड़क का निर्माण किया जा रहा है निर्माण कार्यों में गुणवत्ता समयबद्धता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या मानकों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामघाट रोड से स्वर्ण जयंती नगर होते हुए क्वार्सी बाईपास तक निर्माणाधीन सड़क का कार्य अगस्त माह के अंत तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाएगा। स्थानीय नागरिकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधार एवं अतिरिक्त कार्य भी परियोजना में शामिल कराए जा रहे हैं। साथ ही जल निकासी में बाधा बनने वाले अतिक्रमणों को हटाकर क्षेत्र में सुगम यातायात एवं बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है।

### कुत्ते ने स्कूल से लौटते समय बच्चे पर किया हमला, घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र ऊंटा सानी गांव में स्कूल से घर लौट रहे सातवीं कक्षा के एक छात्र पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

घटना ऊंटा सानी गांव में हुई। गांव निवासी छोटेलाल का पुत्र हिमांशु, जो कक्षा 7 का छात्र है, स्कूल से वापस आ रहा था। रास्ते में एक पालतू कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह छात्र को कुत्ते से बचाया। इसके बाद, घायल हिमांशु के परिजन उसे तत्काल अकराबाद के स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव साक्षी गर्ग ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं विधिक सहायता व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कारागार की पाकशाला का अवलोकन किया। इस दौरान साफ-सफाई अपेक्षित स्तर पर न पाए जाने पर उन्होंने डिप्टी जेलर को पाकशाला में नियमित एवं समुचित स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण कर उपचाराधीन बंदियों से स्वास्थ्य सेवाओं एवं भोजन की



गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बंदियों ने बताया कि उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है और भोजन पर्याप्त मात्रा में दिया जाता है। साक्षी गर्ग ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के अधिकार के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने ऐसे बंदियों, जिनके पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से लीगल एड डिफेंस काउंसिल के जरिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी और इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और महिला बैरक का भी अवलोकन किया। महिला बंदियों से कारागार में उपलब्ध सुविधाओं एवं किसी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी ली। महिला बंदियों ने कारागार प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए किसी प्रकार की शिकायत नहीं होने की बात कही। उन्हें भी निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता एवं उसके लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि ऐसे सभी बंदियों से आवेदन-पत्र प्राप्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किए जाएं, जिन्हें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाना है, ताकि उनके प्रार्थना-पत्रों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार की ओर से डिप्टी जेलर राजकुमार उपस्थित रहे।

# डीएम ने गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनपद में पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने और पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुँहपका निशुल्क टीकाकरण अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा अभियान के प्रचार-प्रसार व फील्ड मूवमेंट के लिए विशेष गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 5.9० लाख पशुओं का लक्ष्यरू जनपद के कुल 5 लाख 9० हजार पशुओं को खुरपका-




मुँहपका बीमारी से बचाव के लिए निशुल्क टीके लगाए जाएंगे। यह अभियान आज से अगले 45 दिनों तक लगातार संचालित होगा, जिसमें स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर टीकाकरण करेंगी।

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने बताया कि खुरपका-मुँहपका एक अति-संक्रामक बीमारी है, जिसमें पशुओं के मुँह और खुरों (पैरों) में छालें व घाव बन जाते हैं। यद्यपि इससे पशु की सीधी मृत्यु नहीं होती, लेकिन इससे पशुओं में मैसेटाइटिस जैसी गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। इसके कारण पशु पूरी तरह दूध देना बंद कर देता है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है।

# 3 शातिर चोरों को चोरी किये गये माल सहित किया गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एनएच 19 स्थित ग्राम धरनई गेट के पास से थाना सिरसागंज पर पंजीकृत में वांछित अभियुक्तों मोहित कुमार पुत्र रामकुमार निवासी अरांव रोड कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, शिवम पुत्र कमल कुमार निवासी अरांव रोड कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, किरन देवी पत्नी रामकुमार कुमार निवासी अरांव रोड कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को चोरी किये गये माल ०2 चेन, ०3 अंगूठी व अन्य आभूषण बेचकर प्राप्त 17 लाख 75 हजार रुपए नकदी सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# राहुल-प्रियंका के साथ दिल्ली पुलिस की कार्यवाही के विरोध मे कांग्रेस का प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 2० जुलाई 2०26 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज तथा 21 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास के निकट शांतिपूर्ण धरना दे रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित अमानवीय कार्यवाही एवं गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए अलीगढ़ कलैक्ट्रेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित एक ज्ञापन ए..सी.एम.. द्वितीय परितोष मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रधानमंत्री आवास के निकट राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित अमानवीय एवं अपमानजनक कार्यवाही के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार बताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। प्रदर्शन के दौरान जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरोध



में भाजपा सरकार का पुतला भी फूंका। विवेक बंसल ने कहा कि विश्व में कहीं भी जहाँ स्वस्थ्य लोकतंत्र है वहां नेता प्रतिपक्ष के प्रति पुलिस द्वारा इस प्रकार का बर्बरतापूर्ण कृत्य कहीं भी नहीं हुआ है लेकिन कल देश की राजधानी दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी जी व प्रियंका गाँधी जी के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा जो बर्बरतापूर्ण कृत्य किया है वैसा कहीं भी देखने को नहीं मिलता। कल के घटनाक्रम के लिए देश को गृहमंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं। तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। विवेक बंसल ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक से लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है और इस मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। ये मेरी समझ से परे है कि आखिर लाखों छात्र छात्राओं के जीवन से खिलवाड़ करने के जिम्मेदार शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी हटा क्यों नहीं रहे हैं, क्या शिक्षामंत्री के बूते ही उनकी सरकार चल रही है। गत 2० जुलाई को निरीह छात्र छात्राओं पर जो बर्बरतापूर्व लाठीचार्ज हुआ है उसकी लिए प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं ये तो अभी शुरुआत है और वे यह न सोचें कि हम अपने तानशाही रवैये से दबा उनको दबा देंगें, ये बहुत बड़ी आँधी का रूप देने वाली घटना है। दिल्ली की इस बर्बर एवं जघन्य घटना की जिम्मेदारी लेते हुए देश के प्रधानमन्त्री एवं गृहमंत्री तत्काल अपने पदों से इस्तीफा दें। धरना प्रदर्शन में उपस्थित प्रमुख कांग्रेसजनों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, विजय लक्ष्मी सिंह, रिदा खान, पूर्व शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, कैलाश बाल्मीकि, मोहम्मद असलम कुरैशी, पूरनचंद देशमुख, शाहरुख खान, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, गोपाल मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव, विन्सेंट जोयल, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, नादिर खान, दीपक पाठक, जतन अग्रवाल, शाहिद खान, अमजद हुसैन, आमिल हुसैन, शहबाज जियाउद्दीन, मोहम्मद मंसूर, इमरान रफीक, शिव सिंह नागर, डूंगर सिंह, डा राकेश सक्सैना, आदि के साथ अन्य कर्यार्कत्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन

**वरिष्ठ भाजपा नेता 22 बिजनौर विधानसभा मौसम चौधरी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं 426 बूथ अध्यक्षों को 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का किया आह्वान**






अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। शहनाई गार्डन में बिजनौर विधानसभा के भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया, सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री विमल शर्मा जी (निदेशक जिला सहकारी बैंक) एवं वरिष्ठ भाजपा नेता 22 बिजनौर विधानसभा श्री ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं 426 बूथ अध्यक्षों को 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का आह्वान किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री विमल शर्मा जी ने कहा कि हम सभी को बूथ की बैठक नियमित रूप से सुनिश्चित करनी है कार्यकर्ताओं की दिन रात मेहनत और लगन से दो बार भाजपा सरकार बनी है अब पुनः तीसरी बार सरकार बनने जा रही है प्रत्येक बूथ पर पूर्ण रूप से मैनेजमेंट के साथ तैयार रहना और राष्ट्र विरोधी नैरेटिव का सामना करना हम सभी की जिम्मेदारी है चुनावों में टीम भावना के साथ आगे बढ़कर हमें भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है भाजपा नेता विमल शर्मा जी ने कहा कि वर्तमान युग डेटा और डिजिटलीकरण का है बिजनौर विधानसभा में भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए दोनों ही तकनीकों का प्रयोग भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी के नेतृत्व में बेहद शानदार और समन्वयपूर्ण रूप किया जा रहा है। बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि भाजपा संगठन में बूथ अध्यक्ष सबसे महत्वपूर्ण पद माना गया है बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ है हमेशा बूथ अध्यक्ष के लिए वार्षिक में सम्मेलन होते रहे हैं पार्टी के बूथ अध्यक्षों को हम अपना परिवार समझते है हमारी पार्टी परिवारवाद वाली नहीं है, अपितु कार्यकर्तावादी पार्टी है। और कार्यकर्ता ही भाजपा का परिवार है। दूसरी पार्टियों के पदाधिकारियों को आपने पहले समाजवादी पार्टी में देखा, बसपा में देखा जो थानों की दलाली में व्यस्त रहते थे, सपा के कार्यकर्ता, बसपा का कार्यकर्ता ठेकेदारी करता था, हमारा कार्यकर्ता माँ भारती का सेवक है जो कार्यकर्ता नेशन फर्स्ट के ध्येयः को रखकर काम करता है और हमारा कार्यकर्ता जमीन से जुड़ा व्यक्ति है वो किसी बड़े धनाढ्य परिवार से नहीं आता। भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष पूर्ण रूप से माँ भारती का सच्चा सपूत है और जो देश हित के लिए अपनी सेवाएं देता है। विधानसभा बिजनौर सामाजिक,पर्यावरण हितैषी एवं राष्ट्र हित में अग्रणी भूमिका निभाकर भाजपा संगठन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच बूथ अध्यक्षों क्रमशः श्री ब्रह्मपाल सैनी बूथ संख्या 38, श्री राजीव सोती बूथ संख्या 275, श्री भानु शर्मा बूथ संख्या 52, श्री सोकेन्द्र बूथ संख्या 104, श्री कपिल भाटिया बूथ संख्या 249 को संगठन कार्यों को और अधिक गति देने के लिए नयी इलेक्ट्रिक स्कूटी उपहार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि बिजनौर विधानसभा के भाजपा बूथ अध्यक्षों ने मानवता एवं पर्यावरण संरक्षण की मिसाल प्रस्तुत कर वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत कई बूथों पर बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया, पूर्व के रक्तदान कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों द्वारा 50-50 यूनिट ब्लड डोनेशन कराया गया, ऐसे भाजपा बूथ अध्यक्षों को सामाजिक कार्य करने के लिए हम सभी के प्रयासों से विधायक वेतन की ओर से पांच बूथ अध्यक्षों को नयी इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के डीजल और पेट्रोल संरक्षण का संकल्प भी पूर्ण होगा। साथ ही बिजनौर विधानसभा के सभी बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों का पूर्व के वर्ष की तरह इस बार भी प्रत्येक का 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा। ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने समस्त बूथ अध्यक्षों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा संगठन की जीत तीसरी बार बिजनौर विधानसभा में विजयश्री सुनिश्चित करनी है। सम्मेलन का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र राजपूत जी के द्वारा किया गया, सम्मेलन में मुख्य रूप से श्रीमती चिंकी गुप्ता झालू मंडल अध्यक्ष, श्री मनोज अहलावत मंडावर मंडल, श्री अंकुर गौतम बिजनौर नगर मण्डल, श्री पुष्पराज कमल आदमपुर मण्डल, श्री दीपक मण्डल मोहम्मदपुर देवमल मण्डल अध्यक्षों सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं भारी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विमल शर्मा (निदेशक जिला सहकारी बैंक) हुए शामिल**



## आसपा मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी को किया हाउस अरेस्ट



अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। दिल्ली जंतर मंतर पर चल रहे प्रोटेस्ट में संसद भवन परिसर में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के नीचे धरने पर बैठने के चलते जनपद बिजनौर में भी राजनीतिक माहौल पूरी तरह से गर्म है आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी को उनके आवास पर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया है। इस घटनाक्रम के चलते आजाद समाज पार्टी काशीराम के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर नगर पंचायत के लोकप्रिय चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है जिसे किसी कीमत पर भी नहीं होने दिया जाएगा।

**नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के संभावित प्रत्याशी हैं खुर्शीद मंसूरी**

## जंतर मंतर दिल्ली में अखिलेश यादव के साथ डटे जिलाध्यक्ष हनी फैसल व दीपक सैनी





बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में छात्रों के समर्थन में दिल्ली में आयोजित विरोध मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें हिरासत में लिए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया।

इस दौरान समाजवादी पार्टी बिजनौर के जिलाध्यक्ष हनी फैसल अपने समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचे और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी के साथ आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। दोनों नेताओं ने छत्रसाल स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के समर्थन में नारेबाजी की। पुलिस ने उन्हें भी अन्य सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ डिटेन कर लिया। दिल्ली में हुई इस कार्रवाई की सूचना जैसे ही बिजनौर पहुंची, जिले के समाजवादी कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली रवाना होने की तैयारी में जुट गए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन जिले के कई वरिष्ठ सपा नेताओं और पदाधिकारियों को उनके आवासों पर ही नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया, ताकि वे दिल्ली के लिए रवाना न हो सकें। हनी फैसल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा छात्रों, युवाओं और आम जनता की आवाज बनकर खड़ी रही है। लोकतांत्रिक अधि कारों को दबाने की किसी भी कोशिश का पार्टी लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी और दमन से समाजवादियों का मनोबल कमजोर नहीं होगा। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। समाजवादी पार्टी हर परिस्थिति में छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रशासन द्वारा जिन नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है, उनमें अहमद खिजर खान, प्रभा चौधरी, कमलेश भुइयार, महमूद कस्सार, ठाकुर योगेंद्र सिंह, राहुल सिंह,कृपा रानी प्रजापति, अखललाक पप्पू, रफीक अंसारी, डॉ. लुकमान (नगर अध्यक्ष, नहटौर), जिला पंचायत सदस्य सरिता सैनी,रजत त्यागी राजा भैया, तथा वरिष्ठ सपा नेता अनुज मलिक मुख्य रूप से शामिल है। समाजवादी कार्यकर्ताओं का कहना है कि नेतृत्व स्वयं सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं प्रशासन की कार्रवाई के बाद जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

**दिल्ली में संघर्ष, बिजनौर में नजरबंदी सपा व कॉग्रेस नेताओ को किया हाऊस अरेस्ट**

## एनएच-119 पर हादसे रोकने को नगीना विधायक मनोज पारस ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। नगीना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ किरतपुर बिजनौर राष्ट्रीय राजमार्ग-119 का स्थलीय निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थानों, अव्यवस्थित कट, क्षतिग्रस्त हिस्सों और यातायात बाधित करने वाले बिंदुओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक मनोज पारस ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर वहां चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल उपाय और उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध कटों को बंद करने और आवश्यक स्थानों पर सुरक्षित यू-टर्न की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी सड़क से जुड़ी समस्याएं विधायक मनोज पारस के समक्ष रखीं। इस पर सपा विधायक मनोज पारस ने आश्वासन दिया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और एनएच-119 को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर शीघ्र आवश्यक कार्य कराई जाएंगी। विधायक मनोज पारस ने अधिकारियों से कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने समयबद्ध कार्रवाई कर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए, ताकि भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के अधिकारी निखिल कुमार और शेख जियाउद्दीन मौजूद रहे। इनके अलावा नगीना विधानसभा अध्यक्ष शेख जाहिद, नगर अध्यक्ष सुहेल इकबाल, बबलू, इकरार नेता और सभासद हाफिज रईस अहमद आदि उपस्थित रहे।

**पूर्व राज्य मंत्री होने के साथ ही नगीना विस क्षेत्र से लगातार विधायक है मनोज पारस**

## साथी पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले बीज विक्रेताओं का लाइसेंस होगा निरस्तः जसवीर सिंह तेवतिया

**साथी पोर्टल का उद्देश्य देश में बीज उत्पादन, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी, डिजिटल एवं ट्रेसेबल है बनाना**



बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर जसवीर सिंह तेवतिया ने जनपद के समस्त बीज निर्माता, बीज प्रोसेसर, थोक एवं फुटकर बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित साथी पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण एवं प्रोफाइल अद्यतन करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि साथी पोर्टल का उद्देश्य देश में बीज उत्पादन, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय व्यवस्था को पूर्णतः पारदर्शी, डिजिटल एवं ट्रेसेबल बनाना है। इस पोर्टल पर प्रत्येक बीज व्यवसायी का ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध होने से बीज की गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता का सत्यापन सरल होगा तथा किसानों को प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद बिजनौर के समस्त लाइसेंसधारी बीज निर्माता, प्रोसेसर, थोक एवं फुटकर बीज विक्रेताओं का विवरण साथी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराया जा रहा है तथा कृषि विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से डेटा फीडिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल बीज क्षेत्र में डिजिटल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से किसी भी बीज की उत्पादन इकाई से लेकर किसान तक की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। इससे नकली, अमानक एवं अवैध स्रोतों से विक्रय किए जाने वाले बीजों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा तथा बीज संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण भी संभव होगा। उन्होंने सभी बीज व्यवसायियों से अपील की है कि वे अपने बीज अनुज्ञापन पत्र (लाइसेंस), आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी विवरण (जहां लागू हो), प्रतिष्ठान संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 जुलाई, 2026 तक साथी पोर्टल पर अपने आवंटित लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर आवश्यक विवरण भरना एवं दस्तावेज अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के बाद यदि कोई बीज विक्रेता साथी पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराता है अथवा अपनी प्रोफाइल अद्यतन नहीं करता है और बिना साथी पोर्टल के बीज व्यवसाय संचालित करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभाव से बीज लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि साथी पोर्टल पर पंजीकरण अथवा डेटा फीडिंग में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर बीज विक्रेता जनपद के मास्टर ट्रेनर ओम ट्रेडिंग कम्पनी, बिजनौर, सिंह इंटरप्राइजेज, बिजनौर अथवा अपर जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर के कार्यालय से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी ने सभी बीज निर्माता, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं से समयबद्ध रूप से पंजीकरण एवं डेटा फीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि साथी पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन से बीज व्यवसाय में पारदर्शिता बढ़ेगी, किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध होंगे तथा कृषि क्षेत्र में तकनीक आधारित सुशासन को नई गति मिलेगी।

## सपा के वरिष्ठ नेता अनुज मलिक को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट





बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। जंतर-मंतर पर युवाओं के अधिकार, रोजगार और अन्य मांगों को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अनुज मलिक को पुलिस ने उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने सुबह उनके घर पहुंचकर उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया। इसके साथ ही उनके कई समर्थकों और सहयोगियों को भी उनके घरों पर ही रोक दिया गया जिससे वे प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार, अनुज मलिक अपने समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थे। प्रदर्शन का उद्देश्य युवाओं के रोजगार, भर्ती प्रक्रियाओं, अधिकारों और भविष्य से जुड़े मुद्दों को उठाना बताया जा रहा है। हालांकि, प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही पुलिस की कार्रवाई ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही समर्थकों में नाराजगी फैल गई। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उनका आरोप है कि सरकार युवाओं से जुड़े मुद्दों पर उठ रही आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। समर्थकों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से आंदोलन की भावना कमजोर नहीं होगी। अनुज मलिक के समर्थकों का कहना है कि गिरफ्तारियां या हाउस अरेस्ट संघर्ष को रोक नहीं सकते। युवाओं के अधिकार, रोजगार और बेहतर भविष्य की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे संविधान और कानून के दायरे में रहकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को उठाते रहेंगे।

**बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना होने की तैयारी कर रहे थे अनुज मलिक**



## बिजनौर में सपा नेता राजा भैया रजत त्यागी को किया हाउस अरेस्ट



बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में छात्रों के समर्थन में दिल्ली में आयोजित विरोध मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें हिरासत में लिए जाने के बाद बिजनौर में भी राजनीतिक माहौल गर्मा गया। जनपद बिजनौर में समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी मेहनत के साथ करने वाले व सपा के पीडीए कार्यक्रम को जनता तक पहुंचाने का कार्य करने वाले नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के संभावित प्रत्याशी रजत त्यागी उर्फ राजा भैया सूचना मिलते ही दिल्ली कूच करने की तैयारी में थे जिसकी भनक पुलिस को लगने पर बिजनौर पुलिस द्वारा उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया। इस कार्रवाई पर बोलते हुए राजा त्यागी उर्फ राजा भैया ने कहा कि सरकार सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या कर रही है जिसके लिए देश की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी और आने वाले चुनाव में मुंह तोड़ जवाब देगी। रजत त्यागी उर्फ राजा भैया ने कहा कि हम समाजवाद को आगे बढ़ाने का काम करने वाली पार्टी के कार्यकर्ता है हम इस तरह की कार्रवाइयों से घबराने वाले बिल्कुल नहीं है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी डा. पूजा गुप्ता द्वारा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय जिला पंचायतराज अधिकारी श्री धंनजय जयसवाल, खण्ड विकास अधिकारी गोवर्धन गिरीश पन्त उपस्थित रहें।



निरीक्षण के समय परिक्रमा मार्ग मे डयूटी पर लगायें गये सफाई कर्मचारी, सचिव एंव सहायक विकास अधिकारी (पं.) की उपस्थिति चौक की गई, साथ ही सम्बन्धित सचिव एंव सहायक विकास अधिकारी (पं.) को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने निर्धारित डयूटी स्थल पर उचित साफ-सफाई रखें, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह सुनिश्चित करें कि परिक्रमा मार्ग अथवा उसके आस-पास कोई भी आवारा गौवशं घूमता हुआ न पाया जाये। साथ ही परिक्रमा मार्ग पर अन्य विभागो द्वारा कराये जा रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि मे अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिये जायें।

## भारत ने दोहराई स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता

भारत ने एक बार फिर स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मनीला में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान कहा कि इस क्षेत्र में आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देना भी भारत की प्राथमिकताओं में शामिल है।



बैठक में जयशंकर के अलावा अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी शामिल हुए। इससे पहले क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक मई के आखिर में नई दिल्ली में हुई थी, जिसमें मार्को रूबियो भारत आए थे।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ष्मनीला में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होकर खुशी हुई। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा की और हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की। नई दिल्ली में हुई हालिया बैठक के नतीजों पर आगे की बातचीत की। उन्होंने आगे कहा, हम स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्ध हैं और इस क्षेत्र में आसियान की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देते हैं। भूमिका के लिए जताया अटूट समर्थन

संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मजबूत बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही आसियान की एकता और उसकी केंद्रीय भूमिका के प्रति ष्अटूट समर्थन जताया। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग बढ़ाने का यह संकल्प ऐसे समय सामने आया है, जब क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य सक्रियता का मुद्दा चर्चा में है।

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया, हम इस क्षेत्र की सफलता और आसियान तथा उसके सदस्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय चुनौतियों और अवसरों पर भी चर्चा की। साथ ही हिंद-प्रशांत पर आसियान दृष्टिकोण (एओआईपी) के व्यावहारिक क्रियान्वयन को समर्थन देने के उपायों पर विचार किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे साझा प्राथमिकता वाले विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया, हम इस विश्वास में एकजुट हैं कि हिंद-प्रशांत के समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला है।

## बेहतर समन्वय से हल होंगी होटल उद्योग की समस्याएं

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** लखनऊ अग्निकांड के बाद होटल उद्योग के समक्ष खड़ी चुनौतियों और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर बुधवार को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। इसमें होटल एवं व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने नियमों की जानकारी देने के साथ उनके समाधान का भरोसा भी दिलाया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। हाल की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि लापरवाही से जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है। इसलिए शासन भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने नेशनल बिल्डिंग कोड और अग्निशमन नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि भवन की ऊंचाई और श्रेणी के अनुसार सुरक्षा मानक निर्धारित हैं। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष सिंह, सहायक नगर आयुक्त नीरज कुमार ने भी कारोबारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि होटल उद्योग की समस्याओं का समाधान प्रशासन, होटल संचालकों और व्यापार उद्योग के बीच बेहतर समन्वय से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों से उद्योग की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की। साथ ही होटल संचालकों से सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने का आह्वान किया। बैठक का संयुक्त संचालन एसोसिएशन के सचिव आर.बी. चौधरी एवं व्यापारी नेता शशिभानु गर्ग ने किया। इस अवसर पर मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण, नगर निगम, अग्निशमन विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारी नेता सुनील अग्रवाल, सुनील साहनी, होटल संचालक राजा भोज, राजन अग्रवाल, सौरभ, मथुरी अग्रवाल, विजय चतुर्वेदी, ध्रुव अग्रवाल, गुरमुख दास व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## विराट-कोहली और अनुष्का ने किए संत प्रेमानंद के दर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** गुरू पूर्णिमा से पहले भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बुधवार को संत प्रेमानंद के दर्शन व पूजन के लिए मथुरा पहुंचे। यमुना पार स्थित यमुना कुंज आश्रम में एकांतवास कर रहे संत प्रेमानंद के दर्शन कर विराट व अनुष्का ने पूजा-अर्चना की। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले वृंदावन में गुरु पूर्णिमा उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। इसी अवसर पर भारतीय टीम के क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का अपने गुरु का आशीर्वाद लेने आज मथुरा पहुंचे। उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विराट कोहली ब्राउन शर्ट और व्हाइट पैंट में नजर आ रहे हैं, जबकि अनुष्का शर्मा व्हाइट और ब्लू रंग के सूट में दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली पिछले कुछ साल से समय-समय पर संत प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन आते रहते हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद, आईपीएल खिताब जीतने के बाद और कई महत्वपूर्ण क्रिकेट सीरीज से पहले या बाद में भी वह यहां आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं।



## संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करें: जिला पंचायत अध्यक्ष

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा बुधवार को गोवर्धन बस स्टैंड के समीप स्थित राधेश्याम सेवा सदन में बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और जनसंपर्क को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह और बूथ सम्मेलन जिला संयोजक रामकृष्ण पाठक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।



शिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि किसी भी चुनाव की जीत का आधार मजबूत बूथ संगठन होता है। उन्होंने कहा, ष्बूथ जीता, चुनाव जीता केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह भाजपा की कार्यशैली का मूल मंत्र है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संगठन का सेनापति और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी भूमिका सबसे अहम है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं और मजबूत बूथ नेटवर्क के दम पर है। आज केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जो अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं, उन्हें धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी हमारे बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करें। गोवर्धन विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं का निःस्वार्थ समर्पण ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक ताकत है। भाजपा महानगर अध्यक्ष ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाए। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री ज्ञानेंद्र राणा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, जिला सहकारी संघ अध्यक्ष सुल्तान सिंह तरकर, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा सिंह कुंतल, जिला महामंत्री विनीत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल कुंतल, जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम, जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, सुरेंद्र सिंह प्रधान, परशुराम सिंह, रामफल मुंशी, प्रभात चौधरी, मनोज ठाकुर सौनोठ, शुभम ठाकुर, मोहन भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा राजावत, कान्हा शर्मा, सुनील तरकर, प्रकाश सिंह गौड़, करतार सिंह, सत्येंद्र सिरोही, सियाराम शर्मा, नितिन शर्मा, रामजीलाल ठाकुर, राकेश तोमर, कपिल पटेल, तिलक सिंह कुंतल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा।** दिल्ली में छात्रों के हितों की आवाज उठाने के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ की गई कार्रवाई एवं राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आज महानगर कांग्रेस कमेटी, मथुरा-वृंदावन ने होलीगेट चौराहे पर महानगर अध्यक्ष पंडित यतेंद्र मुकद्दम के नेतृत्व में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध के दौरान दिल्ली में छात्र-छात्राओं के साथ बल प्रयोग किया गया और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने वाले छात्रों और उनकी आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई कतई स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की। धरना-प्रदर्शन के उपरांत महानगर अध्यक्ष पंडित यतेंद्र मुकद्दम के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष मलिक अरोड़ा, महानगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिसोदिया, कृष्णानगर मंडल अध्यक्ष आशीष अरोड़ा, महानगर महासचिव आनंद शर्मा, शिव कुमार बंटी गौतम, संदेश पाठक, महानगर सेक्टर प्रभारी प्रदीप गौतम (राजा भईया), महानगर सचिव ललित चौहान, निशांत शर्मा, राहुल शुक्ला, जितेंद्र सिसोदिया, दीपक वार्ष्णेय, पिंकू गौतम, सुमित मिश्र, सोहिल बृजवासी, अनवर फारूकी, अशोक शर्मा (डॉन), राजू फारूकी, राहुल मुकद्दम, राहुल चतुर्वेदी, डी.के. मिश्रा, चकलेश्वर सिंह, अनूप निषाद, सोनू वर्मा, विक्रम ठाकुर, मोहन निषाद, रामबाबू लल्ला, गुल मोहम्मद, आसिफमोहम्मद, आसिफ कुरेशी, नाहर सिंह, मोहम्मद शारुख, अश्वनी शर्मा, शारुख खान, रवी किशन निषाद एवं चांद पहलवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जॉर्डन में ईरानी हमले में अमेरिका के तीसरे सैनिक की मौत

अमेरिकी सेना ने पुष्टि की है कि जॉर्डन में एक बेस पर शुक्रवार को हुए हमले में तीसरे सैनिक के मारे जाने की आशंका है। हालांकि उन्हें मृत माना जा रहा है। सैनिक की पहचान न्यूयॉर्क की रहने वाली 28 वर्षीय सार्जेंट एंजेल एस रामपरसाद के रूप में हुई है। इससे युद्ध की शुरुआत से अब तक कुल 18 अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं।



सोमवार को पेंटागन ने जॉर्डन हमले में मारे गए दो अन्य सैनिकों की पहचान बताई थी। इनमें हवाई के रहने वाले 25 वर्षीय फर्स्ट लेफ्टिनेंट टायलर जेम्स फीहान और टेक्सस की रहने वाली 19 वर्षीय प्राइवेट इसाबेला गोंजालेस शामिल थे। ये सैनिक इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिकी मिशन में तैनात थे। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से इन सैनिकों की मौत हुई।

हमले के बाद सेना ने बताया था कि दो सैनिक मारे गए हैं और एक लापता है। अब पेंटागन का कहना है कि रामपरसाद ही वह लापता सैनिक हैं। उनका आधिकारिक दर्जा ष्कर्तव्य स्थिति-स्थान अज्ञात है और उन्हें मृत माना जा रहा है। रामपरसाद और गोंजालेस जर्मनी में तैनात 10वीं आर्मी एयर एंड मिसाइल डिफेंस कमांड की एक ही यूनिट से थीं।इधर, इराक के इरबिल एयर बेस पर एक ईरानी ड्रोन के नियंत्रित विस्फोट के समय 30 वर्षीय सार्जेंट माइकल इमैनुएल स्विंटन की मौत हो गई। नॉर्थ कैरोलिना के रहने वाले स्विंटन लगभग 10 साल से सेना में थे। उन्हें मरणोपरांत ब्रॉन्ज स्टार, पर्पल हार्ट और कॉम्बैट एक्सन बैज दिया जाएगा। साथ ही उन्हें स्टाफ सार्जेंट के पद पर प्रमोट किया जाएगा।

स्विंटन 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। वह फोर्ट ब्रैग की 108वीं एयर डिफेंस आर्टिलरी ब्रिगेड में तैनात थे। वह अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके परिवार ने इस नुकसान पर गहरा दुख जताया है। ब्रिगेडियर जनरल जॉन एल डॉबर ने स्विंटन के काम और देश सेवा की तारीफकी है। सेना इरबिल में हुई इस घटना की जांच कर रही है। अंतरिम समझौता टूटने के बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का आज 10वां दिन है। दोनों तरफसे लगातार हमले हो रहे हैं। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी हमलों में कम से कम 50 लोग मारे गए हैं और 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## नेपाल में फिर हिली धरती, 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज

संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में साइबर गिरोहों ने एशिया प्रशांत के लोगों को 114.1 अरब डॉलर तक का चूना लगाया, जो इस क्षेत्र के कई देशों की जीडीपी से भी अधिक है। संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स और अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीनी मूल के इन गिरोहों का नेटवर्क म्यांमार और लाओस से पूर्वी तिमोर, प्रशांत द्वीप समूह और अफ्रीका तक फैल गया है। दावा है कि इनके केंद्रों में 80 से अधिक देशों के लोगों को नौकरी का झांसा देकर जबरन ठगी करवाई जाती है। ये गिरोह कॉरपोरेट फ्रेंचाइजी की तरह काम कर रहे हैं, जो मनी लॉन्ड्रिंग और डाटा चोरी जैसी गतिविधियों को धड़ल्ले से अंजाम दे रहे हैं।



बांग्लादेश 2027 में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर सकता है। बिम्सटेक के महासचिव इंद्र मणि पांडे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन की 30वीं वर्षगांठ का वर्ष 2027 बांग्लादेश की अध्यक्षता का दूसरा और अंतिम वर्ष भी होगा। पांडे ने कहा कि बिम्सटेक के तहत सभी इस तरह की पहल सदस्य देशों की आपसी सहमति से की जाती हैं। हमारे विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों की बैठकों में सहयोग के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की नियमित समीक्षा की जाती है, जिससे नए क्षेत्रों को जोड़ा जाता है। गौरतलब है कि बिम्सटेक में सात सदस्य देश हैं। इनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं।

सिंगापुर की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय मूल के 39 वर्षीय मलयेशियाई नागरिक तुराह राजू सुब्रमण्यम को 38 महीने की सजा सुनाई। उस पर एक ठगी पीड़िता से 4.12 लाख सिंगापुर डॉलर मूल्य के 1,600 सोने के बिस्कुट प्राप्त कर मलयेशिया तस्करी करने का आरोप है।सुब्रमण्यम ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिये काम पाया था। उसने सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने वालों के झांसे में आई 54 वर्षीय महिला से ये बिस्कुट हासिल किए थे। इसके बाद वह मलयेशिया लौट गया। कुछ दिनों बाद सिंगापुर में फिर दाखिल होने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

सलमान रुश्दी पर हमले के दोषी हादी मतर पर अब आतंकवाद का मुकदमा, उम्रकैद तक की सजा का खतरा अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी पर 2022 में हुए जानलेवा चाकू हमले के दोषी हादी मतर पर अब अमेरिका में संघीय आतंकवाद मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। न्यूयॉर्क के बफेलो स्थित संघीय अदालत में चल रहे इस मुकदमे में रुश्दी भी गवाही देंगे। 28 वर्षीय मतर पहले ही हत्या के प्रयास के मामले में 25 साल की सजा काट रहा है। अब उस पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े आरोप हैं, जिनमें दोषी पाए जाने पर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि मतर ने ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमैनी के 1989 के फतवे और हिजबुल्लाह के समर्थन में यह हमला किया। जांच में उसके पास रुश्दी की हत्या की योजना, फतवे से जुड़े दस्तावेज और ईरानी नेताओं की तस्वीरें मिलने का दावा किया गया है।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022